Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 64 | सोमवार, 09 मार्च-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# भारत तीसरी बार बना टी20 विश्वकप चैंपियन

## इंडिया ने रचा इतिहास, टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाला पहला मेजबान बना

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** भारत ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सूर्यकुमार यादव की टीम वह कमाल करके दिखाया, जो टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में कभी नहीं हुआ था। भारतीय टीम टी20 इंटरनेशनल की सबसे सफल टीम बन गई।

भारत ने तीसरा टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतकर इंग्लैंड और वेस्टइंडीज को पीछे छोड़ा। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने दो-दो बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली मेजबान टीम बन गई है। इसके अलावा टी20 वर्ल्ड कप के खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनी। इससे पहले टूनामेंट के 9 एडिशन में किसी डिफेंडिंग चैंपियन ने फाइनल भी नहीं खेला था।

टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में भारत ने पहली बार न्यूजीलैंड को हराया। इससे पहले वह कीवियों से 3 मैच हारा था। इस जीत से आईसीसी



टूर्नामेंट के फाइनल में न्यूजीलैंड से हिसाब भी चुकता हुआ। न्यूजीलैंड ने भारत को हराकर दो बाद आईसीसी का खिताब जीता है। भारत ने भी उसे हारकर दो बार आईसीसी खिताब जीत लिया। 2000 में न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी जीता था। 2021 में उसने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जीता था। वहीं भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 255 रन बनाए।

इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और 19 ओवर में सभी विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 4, अक्षर पटेल ने तीन विकेट लिए। भारत ने लगातार दूसरी बार टी0 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया है।

### पीएम मोदी ने दी जीत की बधाई



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लगातार दूसरा आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम को बधाई दी। भारत ने अहमदाबाद में हुए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरी आईसीसी टी20 विश्व कप ट्रॉफी अपने नाम की जो उसका तीसरा टी20 विश्व कप खिताब है। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ''चैंपियंस! आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को हार्दिक बधाई।'' उन्होंने लिखा, ''यह शानदार जीत उनके असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीमवर्क को दर्शाती है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने बेहतरीन जज्बा दिखाया।'' उन्होंने लिखा, ''इस जीत ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया है। शाबास, टीम इंडिया।''

## पीएम मोदी का दिल्ली को 33,500 करोड़ का तोहफा, नए मेट्रो कॉरिडोर से बदलेगी राजधानी की तस्वीर

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के बुराड़ी में 33,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उपहार दिया। उन्होंने पिंक लाइन (मजलिस पार्क-मौजपुर) और मजेंटा लाइन के नए हिस्सों की शुरूआत की। इस विस्तार से बुराड़ी, भजनपुरा, खजूरी खास और यमुना विहार जैसे इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को सीधा फायदा होगा और मेट्रो कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इसके साथ ही उन्होंने तीन नए मेट्रो कॉरिडोर की नींव भी रखी, जो एयरपोर्ट और दक्षिणी दिल्ली के सफर को और आसान बनाएंगे।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये मेट्रो परियोजनाएं महिलाओं के सुरक्षित और सुगम सफर के लिए बेहद जरूरी हैं। प्रधानमंत्री ने इस दौरान सरोजनी नगर में सरकारी आवास योजना के तहत बने फ्लैटों का निरीक्षण किया और महिला लाभार्थियों को उनके नए घर की चाबियाँ सौंपीं।

### मेट्रो के मामले में दुनिया में तीसरे नंबर पर भारत

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का मेट्रो नेटवर्क तेजी से बढ़ा है। साल 2014 तक देश के सिर्फ 5 शहरों में मेट्रो थी, लेकिन आज भारत मेट्रो नेटवर्क के मामले में अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। दिल्ली मेट्रो अब 500 किलोमीटर से ज्यादा लंबी हो चुकी है, जो शहर की 'लाइफलाइन' बन गई है। इससे न केवल प्रदूषण कम हो रहा है, बल्कि ट्रैफिक जाम से भी राहत मिल रही है।

### आवास और आधुनिक सुविधाएं

मेट्रो के साथ-साथ सरकार का जोर लोगों को बेहतर घर देने पर भी है। प्रधानमंत्री ने करीब 9,000 सरकारी कर्मचारियों के लिए आधुनिक आवासीय परिसरों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सरकार की योजना है कि मेट्रो स्टेशनों के पास ही रिहायशी इलाके विकसित किए जाएं ताकि लोगों को आने-जाने में कम से कम समय लगे। इन नई परियोजनाओं से दिल्ली और एनसीआर में आर्थिक गतिविधियों को भी नई रफ्तार मिलेगी।

## यूएस डील से तबाह होंगे किसान? राहुल गांधी ने पीएम मोदी को घेरा, कहा- ये देश को बेचना है

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करके 'देशद्रोह' करने का आरोप लगाया। उनका दावा है कि इस समझौते से भारत के किसानों और छोटे व्यवसायों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। गांधी ने ये टिप्पणियां केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशान के नेतृत्व में राज्यव्यापी पुथुयुग यात्रा के समापन समारोह का उद्घाटन करते हुए कीं। गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को निराश किया है। उन्होंने देश के साथ विश्वासघात किया है। मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका के साथ समझौता करके देश के साथ विश्वासघात किया है।



राहुल ने आरोप लगाया कि आम नागरिक, विशेषकर किसान और छोटे व्यवसायी, अंततः इस समझौते का बोझ उठाएंगे। उन्होंने कहा कि उनसे पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने भारतीय कृषि को अमेरिकी कृषि के लिए नहीं खोला। राहुल ने कहा कि बड़ी और मशीनीकृत अमेरिकी कृषि कंपनियों के भारतीय बाजार में प्रवेश से छोटे किसानों पर भारी दबाव पड़ेगा और कृषि क्षेत्र में भारी तबाही मच सकती है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि देश का ऊर्जा क्षेत्र प्रभावित हुआ है और दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने समझौते के माध्यम से भारतीय डेटा प्राप्त किया है। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि मोदी ट्रम्प के इशारों पर चलते हैं और कहा कि केरल के मुख्यमंत्री भी इसी तरह मोदी के इशारों पर चलते हैं।

गांधी ने कहा कि एपस्टीन की साढ़े तीन मिलियन फाइलें अभी तक सामने नहीं आई हैं। भारत के प्रधानमंत्री इस बात से भयभीत हैं कि अमेरिका उन फाइलों को जारी कर देगा। प्रधानमंत्री के करीबी अनिल अंबानी का नाम उन फाइलों में है।

## उत्तम नगर हत्याकांड: आरोपी के घर एमसीडी का चल गया बुलडोजर, इलाके में तनाव



**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तम नगर में होली के दिन तरुण की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने काफी तूल पकड़ लिया था और मामले ने सांप्रदायिक रंग भी ले लिया था। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में रविवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने एक आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाया है। जानकारी के अनुसार, होली के दिन उत्तम नगर में जब इस वारदात को अंजाम दिया गया, तो पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया था। विरोध प्रदर्शन के दौरान कई वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी भी की गई थी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उमरुद्दीन, जमालुद्दीन, मुस्ताक, कमरुद्दीन, मुजफ्फर और ताहिर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सभी आरोपी उत्तम नगर के ही रहने वाले हैं। मामले के अनुसार, बुधवार रात करीब 11 बजे पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉल में बताया गया कि दो पड़ोसी परिवारों के बीच झगड़ा हो गया है। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो पता चला कि एक लड़की ने कथित तौर पर दूसरी महिला पर पानी का गुब्बारा फेंक दिया था। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद शुरू हो गया। कहासुनी के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। इस झड़प में आठ लोग घायल हो गए। इनमें एक पक्ष के तीन और दूसरे पक्ष के पांच लोग शामिल थे। घायलों में 26 वर्षीय तरुण गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 110 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच जारी है।

इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए तरुण के पिता मेमराज ने बताया कि हमले से बचने के लिए वे और उनकी पत्नी घर के अंदर छिप गए थे। उन्होंने कहा, 'जब हम घर के अंदर थे, हमलावर बाहर खड़े होकर हमें गालियां देते रहे। उनके हाथों में रॉड थीं। यह सिलसिला कम से कम 10-15 मिनट तक चलता रहा। रात करीब 11 बजे मेरा बेटा घर लौटा। घर में घुसने से पहले जब वह हमारी गली के बाहर अपनी बाइक पार्क कर रहा था, तभी उस पर रॉड और ईंटों से हमला किया गया।'

मेमराज ने कहा, 'जब वे उसे पीट रहे थे, तो उन्होंने हमें बाहर से बंद कर दिया। हमें पता ही नहीं चला कि उसे पीटा जा रहा है।

## नीतीश कुमार की सियासी विरासत अब बेटे निशांतके हाथ, जेडीयू में हुई ग्रेंड एंट्री

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार आधिकारिक तौर पर जनता दल यूनाइटेड में शामिल हो गए हैं। पार्टी की सदस्यता लेने के बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया।

निशांत ने अपने पिता के राज्यसभा जाने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि वह इस निर्णय को पूरी तरह स्वीकार करते हैं।

### पिता के काम को आगे बढ़ाएंगे निशांत

निशांत कुमार ने पार्टी में अपनी भूमिका को लेकर कहा कि वह एक सक्रिय सदस्य के रूप में जेडीयू को मजबूती देंगे। उन्होंने गर्व से कहा कि नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों में बिहार के लिए जो विकास कार्य किए हैं, उन्हें वह घर-घर तक पहुँचाने का काम करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपना मनोबल ऊंचा रखें और नीतीश कुमार पर अपना भरोसा बनाए रखें।



### पार्टी में बढ़ेगी जिम्मेदारी

निशांत कुमार की इस एंट्री के बाद बिहार की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि पार्टी में उन्हें कोई बड़ा पद या महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जा सकती है। सदस्यता लेने के बाद अब निशांत पूरे बिहार का दौरा करेंगे। नीतीश कुमार के राज्यसभा के लिए पर्चा दाखिल करने के बाद, कार्यकर्ताओं की मांग को देखते हुए निशांत को राजनीति में लाया गया है।

### डिप्टी सीएम बनने की चर्चा

सियासी गलियारों में इस बात की भी जोरदार चर्चा है कि निशांत कुमार को बिहार का उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। माना जा रहा है कि यह कदम नीतीश कुमार की अनुपस्थिति में उनकी कमी को पूरा करने और निशांत को भविष्य की बड़ी राजनीतिक भूमिका के लिए तैयार करने के उद्देश्य से उठाया जा सकता है।

## मार्च में ही छूट गए पसीने! दिल्ली में गर्मी ने तोड़ डाला 50 साल का रिकॉर्ड

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मार्च की शुरूआत में असामान्य रूप से गर्म मौसम के चलते शनिवार को अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले 50 वर्षों में इस महीने के पहले सप्ताह में दर्ज किया गया सबसे अधिक तापमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पिछले 50 वर्षों के मौसम के आंकड़ों के अनुसार शहर के आधार मौसम केंद्र सफदरजंग में मार्च के पहले सात दिनों के दौरान दर्ज किया गया उच्चतम अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस था जो पांच मार्च, 1999 को दर्ज किया गया था। आइएमडी के अधिकारी ने बताया कि शनिवार को पारा 35.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के साथ ही यह



पिछले 50 वर्षों में मार्च के पहले सप्ताह का सबसे गर्म दिन बन गया है। आइएमडी के 2011 से बाद के आंकड़ों से पता चलता है कि मार्च के पहले सप्ताह के दौरान दूसरा सबसे अधिक तापमान 2016 में दर्ज किया गया था, जब चार मार्च को पारा 33.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। शहर के प्रमुख मौसम केंद्र सफदरजंग में शनिवार को अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 7.3 डिग्री अधिक था, और न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक था।

## पंजाब की महिलाओं के लिए बड़ी खुशखबरी, सरकार हर महीने देगी 1,000 रुपये

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**चंडीगढ़।** पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपना एक प्रमुख चुनावी वादा पूरा कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने 2026-27 के बजट में 'मुख्यमंत्री महिला-ध्यान सत्कार योजना' का एलान किया। इस योजना के तहत राज्य की 18 साल से ऊपर की लगभग सभी महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। सरकार का दावा है कि इस योजना के दायरे में राज्य की 97 प्रतिशत महिलाएं आएंगी।



इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि जो महिलाएं पहले से बुढ़ापा, विधवा या विकलांगता पेंशन ले रही हैं, उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा। विशेष रूप से अनुसूचित जाति की महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये दिए जाएंगे। हालांकि, सरकारी कर्मचारी (वर्तमान या पूर्व), आयकर देने वाले परिवार और वर्तमान या पूर्व सांसद-विधायक इस योजना का लाभ नहीं ले पाएंगे।

## राष्ट्रपति दौरे पर नहीं टूटा कोई प्रोटोकॉल, ममता बोलीं- 'बीजेपी कर रही है देश के पद का अपमान'

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू की सिलीगुड़ी में आयोजित नौवें अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी संताल सम्मेलन की हालिया यात्रा के दौरान प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्यक्रम एक निजी संस्था द्वारा आयोजित किया गया था।



एक बयान में बनर्जी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संताल परिषद ने राष्ट्रपति को सिलीगुड़ी में आयोजित नौवें अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी संताल सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि उन्नत सुरक्षा समन्वय के बाद, जिला प्रशासन ने राष्ट्रपति सचिवालय को लिखित रूप में सूचित किया कि आयोजक की तैयारी अपर्याप्त प्रतीत होती है; यह चिंता टेलीफोन पर भी व्यक्त की गई थी।

बनर्जी के अनुसार, राष्ट्रपति सचिवालय की अग्रिम टीम ने 5 मार्च को कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और उन्हें व्यवस्थाओं की कमी से अवगत कराया गया, लेकिन कार्यक्रम निर्धारित समय पर ही जारी रहा। उन्होंने आगे कहा कि माननीय राष्ट्रपति का स्वागत और विदाई सिलीगुड़ी नगर निगम के मेयर, दार्जिलिंग के डीएम और सिलीगुड़ी पुलिस आयुक्त कार्यालय के सीपी द्वारा राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा साझा की गई अनुमोदित सूची के अनुसार ही की गई।

## संपादक की कलम से

# समीकरणों और उत्कृष्टता की विरासत

हरियाणा के अंबाला कैंट के ऐतिहासिक सैन्य केंद्र में 26 अगस्त, 1973 को जन्मे इस प्रतिष्ठित शिक्षक के जीवन की दिशा एक विलक्षण, केंद्रित जुनून द्वारा शुरू से ही परिभाषित की गई थी : गणित में महारत हासिल करना और उसे पढ़ाना। एक ऐसी दुनिया में जहां कई लोग संख्याओं की जटिलताओं से दूर रहते हैं, उन्होंने तर्क और सौंदर्य की भाषा ढूंढ ली, तथा अपने लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया जो अंतत : उत्तरी भारत के हजारों युवा मनों को प्रभावित करेगा। शैक्षणिक आधार और प्रारंभिक कैरियर शैक्षिक नेतृत्व की ओर उनकी यात्रा अकादमिक प्रतिभा से भरी हुई थी। इस विषय के प्रति अपने प्रेम को उच्चतम स्तर तक ले जाकर उन्होंने एम.एस.सी. की उपाधि प्राप्त की। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से गणित में, शिमला की शांत समर हिल्स में स्थित। इसके बाद, उन्होंने बी.एड. की डिग्री पूरी कर ली। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा से। एक छात्रा के रूप में उनका समय पूर्णता की निरंतर खोज से चिह्नित था, उन्होंने प्रत्येक परीक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त की। यह उस 'कठिन परिश्रम करने वाली महिला' का प्रमाण है जिसे वे अपने पेशेवर जीवन में जानती थीं। उनकी शादी और पंजाब के मालौत में स्थानांतरित होने के बाद जीवन ने एक महत्वपूर्ण मोड़ लिया। यहीं से उनका करियर जीटीबी खलसा पब्लिक स्कूल में शुरू हुआ। 20 वर्षों तक उन्होंने कक्षा में काम किया और छात्रों द्वारा गणित को समझने के तरीके को बदल दिया। उनके लिए गणित की समस्या कभी भी महज गणना नहीं थी; यह अनुशासन और आलोचनात्मक सोच का सबक था। नेतृत्व की चढ़ाई उनका अद्वितीय समर्पण किसी की नजर में नहीं आया। दो दशकों तक कक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के बाद, उन्हें प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नत किया गया और लगभग 3,000 छात्रों वाले एक संस्थान का नेतृत्व संभाला गया। पिछले 11 वर्षों से, वह स्कूल प्रशासन की जटिलताओं को उसी सटीकता के साथ समझती रही हैं जिसे उन्होंने एक बार बीजगणितीय समीकरणों पर लागू किया था। उनके नेतृत्व में, स्कूल आत्मनिर्भर अनुशासन का प्रतीक बन गया है। उत्कृष्टता की यह संस्कृति शिक्षण संकाय से लेकर गैर–शिक्षण स्टाफ और स्वयं छात्रों तक फैली हुई है। सीबीएसई प्रशासन के पवित्र हॉल में उनकी प्रतिष्ठा उनसे पहले है, जहां मानकों का सावधानीपूर्वक पालन करने और अपने स्कूल की अनुकरणीय प्रदर्शन के कारण वह अधिकारियों की 'अच्छी पुस्तकों' में बनी हुई हैं। शायद उनकी सफलता का सबसे बड़ा मापदंड हर क्षेत्र में छात्रों के नामांकन में वर्ष–दर–वर्ष ( ड ) की वृद्धि है, यह एक ऐसा उपलब्धि है जिसने स्कूल ट्रस्टियों से उन्हें लगातार सराहना दिलाई है। दर्शन और व्यक्तिगत ताकत हालांकि वह एक अनुभवी प्रशासक हैं, लेकिन उनका दिल अभी भी एक शिक्षक जैसा है। वह स्पष्ट रूप से स्वीकार करती हैं कि यद्यपि उनकी सबसे बड़ी ताकत गणित का शिक्षण है, लेकिन उनकी सबसे गहरी 'कमजोरी' वह सहानुभूति है जो वे अपने विद्यार्थियों के प्रति महसूस करती हैं। विशेष रूप से, जब भी वह किसी विद्यार्थी को अपने प्रिय विषय में अंक खोते हुए देखती हैं, तो उन्हें वास्तविक पीड़ा होती है। यह संवेदनशीलता उनकी देखभाल में आने वाले प्रत्येक बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए उनके मिशन को प्रेरित करती है। स्कूल के द्वार से परे, वह एक 'खुश परमाणु परिवार' में संतुलन पा लेती है उनके पति एक राष्ट्रीयकृत बैंक में कार्यकारी के रूप में कार्य करते हैं, जबकि उनके बच्चों ने उल्लेखनीय व्यावसायिक सफलता प्राप्त की है : उनका बेटा विदेश में अपना करियर बना रहा है, और उनकी बेटी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट का प्रतिष्ठित पद हासिल कर लिया है।



ललित शर्मा
संपादक

## बेटियाँ

राज किशोर

कविता



पुत्री,कन्या, बेटियाँ, होती सभी समान।
सृष्टि का उपहार हैं, जीवन की पहचान।।

जीवन का उल्लास है, और धर्म का मर्म।
झेलें सारी वेदना, कभी न छोंडें कर्म।।

माँ की ममता झर रही, नेह पिता का खूब।
घर उपवन की शान है, बिटियाँ जैसे दूब।।

दो–दो कुल की सारथी, रचती नव– संसार।
बेटी के संस्कार ही, संस्कृति का आधार।।

जननी, भगिनी ,और बुआ, पत्नी, सासू सभी महान।
बिन बेटी के वे कहाँ, इस सच को भी पहचान।।

ममता,समता,नेह को, जो चाहते भरपूर।
तो बेटा–बेटी भेद को, करना होगा दूर।।

बेटियों की है शक्ति हरदम, शिवत्व रचती रहीं।
असुरत्व को हर कर सदामंगल स्वंय करती रही।।

चाह बेटों की लिए जो,मन–भेद बेटी से रखें।
भोगतें दुख दारुण स्वयं,फल भी उसी के खुद चखें।।

बेटियाँ ही संवेदनाएं औरअपनत्व का विस्तार हैं।
नफरतों का सफल टीकासच्चे प्यार का संसार हैं।।

अर्धनारीश्वरबना ईश्वर ,स्वयं सबसे कह रहा।
बिन नारी –शक्ति के,पूर्ण 'ईश्वर भी कहाँ।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# विश्व में अशांति का ठेका और नोबल शांति पुरस्कार की इच्छा ?



तनवीर जाफरी
लेखक




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जिद,सनक और हठधर्मी ने इस समय लगभग पूरी दुनिया को एक खतरनाक युद्ध में झोंक दिया है। अमेरिका व इस्त्राईल द्वारा अकारण ईरान पर थोपा गया एक ऐसा युद्ध जिसके अंजाम को लेकर विश्व के बड़े बड़े सामरिक विशेषज्ञ भी कोई भविष्यवाणी कर पाने में असमर्थ हैं। ईरान, इस्त्राईल और अमेरिका के बीच चल रहे इस युद्ध की लपटें फिलहाल मध्य पूर्व से भी आगे तक फैल चुकी हैं। लगभग 20 से अधिक देश इस युद्ध से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो चुके हैं। गत 28 फरवरी से शुरू हुये इस युद्ध में अब तक हजारों निर्दोष लोगों की मौतें हो चुकी हैं। इसी युद्ध के परिणाम स्वरूप जहाँ ईरान ने अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई को खो दिया है वहीं युद्ध छिड़ने के पहले ही दिन यानी 28 फरवरी की सुबह को ही ईरान के दक्षिणी शहर मिनाब में अमेरिका और इस्त्राईल ने शाजारे तैय्यबह गर्ल्स प्राइमरी स्कूल पर उस वक़्त हमला किया जब बच्चियां अपने अपने क्लास में पढ़ रही थीं। इस हमले में 175 तक छात्राएं मारी गयीं जिनमें अधिकांश की उम्र 7-12 साल की थी। स्कूल का दो मंजिला भवन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान पर थोपा गया यह युद्ध किसी न किसी रूप में कुवैत इराक , बहरीन,सऊदीअरब,यूएई,ओमान,कतर,जॉर्डन,तुर्की,अजरबैजान,साइप्रस व यमन तक पहुँच गया है। यहाँ तक कि भारत - श्रीलंका के समुद्रीय क्षेत्र में भी अमेरिकी पनडुब्बी ने समुद्री हमला कर भारत में अतिथि के रूप में आये ईरान के एक नेवल जहाज को डुबो दिया है। अमेरिका- इस्त्राईल की इन सैन्य कार्रवाइयों से जहाँ पूरे विश्व की ऊर्जा जरूरतों के प्रभावित होने की संभावना है वहीं बढ़ते तेल संकट और विभिन्न हवाई क्षेत्र बंद होने से भी इस युद्ध का वैश्विक प्रभाव पड़ा है।

पूरे विश्व में दिनोंदिन फैलती जा रही इस अशांति के सबसे बड़े जिम्मेदार केवल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप उनकी हठधर्मिता उनकी सनक व जिद को माना जा रहा है। जी हाँ, यह वही ट्रंप हैं जो अपने आप को 'स्वयंभू विश्व शांति दूत ' समझते हैं और विश्व का सबसे प्रतिष्ठित समझा जाने वाला नोबल शांति पुरस्कार पाने हेतु हमेशा लालायित नजर आते रहे हैं। उन्होंने समय समय पर न केवल नोबल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा कई बार सार्वजनिक रूप से व्यक्त की है बल्कि इसके लिए सक्रिय रूप से प्रयास भी किए हैं। वे स्वयं को इस पुरस्कार के योग्य समझते हुये कहते भी रहे है कि 'मैं इसका हकदार हू' क ट्रंप ने तो 2017-2021 के अपने पहले कार्यकाल से ही नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा जतानी शुरू कर दी थी। जोकि उनका दूसरा कार्यकाल आते आते 2025 में और अधिक तीव्र हो गई। अपने इस दावे के पक्ष में वे अपने शासनकाल की अमेरिकी विदेश नीति के फैसलों को पेश किया करते थे। हालांकि ट्रंप कई अवसरों पर यह भी कह चुके हैं कि वे नोबल शांति पुरस्कार के हकदार तो जरूर हैं परन्तु उन्हें लगता है कि इस पुरस्कार का निर्णय करने वाली नॉर्वेजियन नोबल कमेटी यह पुरस्कार उन्हें कभी नहीं देगी। जबकि 2025 में तो ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र की सभा में यह कहा था कि 'हर कोई कहता है कि मुझे नोबल शांति पुरस्कार मिलना ही चाहिए।'

हद तो यह है कि ट्रंप ने इस पुरस्कार के लिये इस तरह की बातें कीं यहाँ तक कि अपने असहज करने वाले बयानों से नोबल कमेटी पर इसके लिये दबाव बढ़ाने की कोशिश की जो नोबेल शांति पुरस्कार के इतिहास में इसके पहले किसी भी दावेदार द्वारा नहीं की गयी। उदाहरण के तौर पर एक बार उन्होंने अमेरिकी सैनिकों से बातचीत के दौरान कहा कि 'वे (नॉर्वेजियन नोबेल कमिटी) इसे किसी ऐसे व्यक्ति को देंगे जिसने कुछ नहीं किया, लेकिन मुझे नहीं देंगे, जबकि मैं इसके योग्य हूं।' इसके अलावा ट्रंप ने नॉर्वे के वित्त मंत्री जेन्स स्टोल्टेनबर्ग जोकि पूर्व नाटो प्रमुख भी हैं, को फोन कर यह पुरस्कार हासिल करने के लिए लॉबिंग की। उन्होंने 2025 में इस्त्राईली बंधकों के परिवारों से भी उन्हें पुरस्कार देने की अपील कराई। ट्रंप को इस्त्राईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू व पाकिस्तान द्वारा इस पुरस्कार हेतु नामांकन भी कराया गया। ट्रंप स्वयं को विश्व शांतिदूत इसलिये समझते थे कि उनका दवा था कि उन्होंने विश्व में 8 युद्ध समाप्त किए। इन दावों के समर्थन वे इस्त्राईल और हमास के बीच गजा युद्ध में सीज फायर डील, रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की कोशिशें, इस्त्राईल -ईरान, भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, और अजरबैजान-अल्बानिया के बीच संघर्ष रुकवाने जैसे दावे करते रहे हैं। हालांकि इनमें से कई दावे हास्यास्पद भी हैं। क्योंकि इनमें से कई जगह या तो युद्ध अभी भी जारी हैं या फिर इनमें अमेरिका (ट्रंप) की कोई निर्णायक भूमिका नहीं थी। या फिर कुछ देश 'ट्रंप हस्तक्षेप या मध्यस्थता ' मानने को तैयार नहीं।

दूसरी तरफ आंकड़े यह बताते है कि इसी 'स्वयंभू शांतिदूत ' के कार्यकाल में 2017 में अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों से इराक, सीरिया, अफगानिस्तान और यमन में 499 नागरिकों की मौत हुई। इन्हीं के कार्यकाल में अफगानिस्तान में युद्ध ने 2,463 अमेरिकी सैनिकों और नागरिकों की जान ली। इसी तरह ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में 2025-2026 के दौरान ईरान और वेनेजुएला जैसे देशों पर हमले किये गये। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरै को उनकी पत्नी सहित अपहृत कर अमेरिका ले जाया गया।

2025 में अलकायदा के एक दुर्दांत आतंकी सरगना अहमद हुसैन अल शरा को सीरिया का राष्ट्रपति थोप दिया गया। क्योंकि राष्ट्रपति निकोलस मदुरै की ही तरह पूर्व राष्ट्रपति बशर अलअसद, भी ट्रंप व अमेरिका के पिछलग्गू नहीं थे। और अब ट्रंप ने इस्त्राईल से अपनी 'दोस्ती ' निभाते हुये ईरान को एक बार फिर ऐसे युद्ध में लपेट लिया है जहाँ विनाश का अभूतपूर्व इतिहास लिखा जा रहा है। और निःसंदेह इस विनाश के जनक और कोई नहीं बल्कि केवल 'स्वयंभू विश्व शांतिदूत ' राष्ट्रपति ट्रंप ही हैं।

केवल तेल संपदा पर नियंत्रण के लिये वेनेजुएला से लेकर ईरान तक और ईरान युद्ध के चलते विश्व में अशांति फैलाने वाले ट्रंप का 'नोबेल शांति पुरस्कार' के लिए इस कद्र मचलना वास्तव में हैरान करने वाला है। खासकर तब और भी अधिक जबकि एप्सटीन फाइल्स में उनके कथित कारनामे न केवल पूरे अमेरिका बल्कि पूरी मानवता को शर्मसार करने वाले हो सकते हैं।

ट्रंप का कत्लो गारत का यह मिशन अभी पूरा नहीं हुआ है क्योंकि वे स्वयं ईरान के बाद अब क्यूबा पर हमले की योजना बना रहे हैं। गोया एक तरफ तो ट्रंप ने पूरे विश्व में अशांति फैलाने का ठेका भी ले रखा है और दूसरी तरफ नोबेल शांति पुरस्कार की इच्छा भी पाले हुये हैं ?

# वैश्विक इतिहास का पुनर्लेखन: क्या औपनिवेशिक शक्तियों ने सभ्यताओं की स्मृति को जानबूझकर विकृत किया?

मानव इतिहास केवल घटनाओं का क्रम नहीं होता; वह स्मृतियों की संरचना भी होता है। जिस समाज की स्मृति जिस प्रकार से निर्मित की जाती है, उसी प्रकार उसका आत्मबोध, उसका सांस्कृतिक आत्मविश्वास और उसका भविष्य भी आकार लेता है। यही कारण है कि इतिहास का लेखन केवल अकादमिक कार्य नहीं बल्कि शक्ति और दृष्टिकोण का भी विषय रहा है। आधुनिक युग में जब यूरोपीय औपनिवेशिक शक्तियों ने एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के विशाल क्षेत्रों पर अपना नियंत्रण स्थापित किया, तब उन्होंने केवल भूभागों और संसाधनों पर अधिकार नहीं किया; उन्होंने उन समाजों की स्मृति और आत्मकथा को भी पुनर्गठित करने की प्रक्रिया आरंभ की। यही वह प्रश्न है जो आज वैश्विक बौद्धिक जगत में बार-बार उठता है कि क्या औपनिवेशिक शक्तियों ने जानबूझकर इतिहास को इस प्रकार लिखा कि उपनिवेशित समाज अपने अतीत को कमतर और यूरोप को प्रगति का स्वाभाविक केंद्र मानने लगें।

उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य तक आते-आते यूरोप में इतिहास लेखन एक व्यवस्थित अकादमिक अनुशासन बन चुका था। विश्वविद्यालय, शोध संस्थान और अभिलेखागार स्थापित हो चुके थे। इसी समय औपनिवेशिक प्रशासन ने अपने अधीन क्षेत्रों में शिक्षा प्रणालियों का विस्तार शुरू किया। शिक्षा के माध्यम से प्रशासनिक ढाँचा चलाने के लिए स्थानीय अभिजात वर्ग तैयार करना आवश्यक था, लेकिन इसके साथ-साथ एक ऐसी बौद्धिक संरचना भी विकसित हुई जिसमें इतिहास की व्याख्या औपनिवेशिक दृष्टिकोण से की जाने लगी। इस प्रक्रिया में उपनिवेशित समाजों के अतीत को कई बार ऐसे ढाँचे में प्रस्तुत किया गया जिसमें उनकी राजनीतिक अस्थिरता, सामाजिक विभाजन और तकनीकी पिछड़ेपन पर अधिक जोर दिया गया, जबकि उनकी सांस्कृतिक और बौद्धिक उपलब्धियाँ अपेक्षाकृत कम प्रमुखता के साथ सामने आईं।

भारत इसका एक महत्वपूर्ण उदाहरण रहा। औपनिवेशिक काल में इतिहास को तीन बड़े कालखंडों में विभाजित करने की परंपरा विकसित हुई–प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक। यह विभाजन पहली दृष्टि में तटस्थ प्रतीत होता है, किंतु कई इतिहासकारों का मानना है कि इसके भीतर एक सूक्ष्म राजनीतिक अर्थ छिपा था। प्राचीन काल को एक प्रकार की सांस्कृतिक स्मृति के रूप में प्रस्तुत किया गया, मध्यकाल को संघर्ष और विघटन के युग के रूप में, और आधुनिक काल को उस समय के रूप में जब यूरोपीय शासन ने प्रशासनिक और बौद्धिक 'सुधार' लाए। इस प्रकार इतिहास की कथा अनजाने में ही एक ऐसी दिशा लेती चली गई जिसमें औपनिवेशिक शासन को आधुनिकता का वाहक बताया जाने लगा।

इतिहास लेखन की इस प्रक्रिया में शिक्षा प्रणाली की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। पाठ्यपुस्तकें केवल जानकारी नहीं देतीं; वे एक पीढ़ी की सोच का ढाँचा तैयार करती हैं। औपनिवेशिक काल में तैयार की गई अनेक पाठ्यपुस्तकों में यूरोपीय वैज्ञानिक क्रांति, औद्योगिक क्रांति और राजनीतिक संस्थाओं को आधुनिकता की आधारशिला के रूप में प्रस्तुत किया गया, जबकि एशियाई और अफ्रीकी सभ्यताओं को अक्सर स्थिर या पारंपरिक समाजों के रूप में चित्रित किया गया। इससे यह धारणा बनी कि आधुनिक प्रगति का वास्तविक स्रोत पश्चिम ही रहा है। यह धारणा पूरी तरह असत्य नहीं थी, क्योंकि आधुनिक विज्ञान और उद्योग के कई महत्वपूर्ण विकास वास्तव में यूरोप में हुए थे, लेकिन समस्या तब उत्पन्न हुई जब वैश्विक इतिहास की कथा में अन्य सभ्यताओं के योगदान अपेक्षाकृत गौण हो गए।



एन0के0शर्मा

इतिहास के इस पुनर्गठन को समझने के लिए औपनिवेशिक राजनीति की संरचना को भी देखना आवश्यक है। किसी भी साम्राज्य के लिए यह आवश्यक होता है कि वह अपने शासन को वैध और आवश्यक सिद्ध करे। इसके लिए अक्सर यह तर्क प्रस्तुत किया जाता है कि उपनिवेशित समाज स्वयं को व्यवस्थित रूप से संचालित करने में सक्षम नहीं थे और इसलिए बाहरी शासन उनके लिए 'सुधारात्मक' भूमिका निभा रहा है। इतिहास लेखन में भी कई बार इसी तर्क का प्रतिबिंब दिखाई देता है। यदि किसी समाज के अतीत को लगातार अराजक या अविकसित बताया जाए, तो वर्तमान में उस पर शासन करने वाले बाहरी ढाँचे को अधिक स्वीकार्य बनाया जा सकता है।

फिर भी यह कहना भी एकतरफा होगा कि औपनिवेशिक काल में किए गए सभी शोध केवल राजनीतिक उद्देश्यों से प्रेरित थे। कई यूरोपीय विद्वानों ने वास्तव में एशियाई और अफ्रीकी संस्कृतियों का गहन अध्ययन किया और उनके ग्रंथों, भाषाओं तथा पुरातात्विक धरोहरों को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अनेक प्राचीन पांडुलिपियाँ और ऐतिहासिक अभिलेख उसी काल में व्यवस्थित रूप से संकलित किए गए। इसलिए इतिहास के इस प्रश्न को पूरी तरह षड्यंत्र या पूरी तरह निष्पक्ष विद्वत्ता के रूप में देखना दोनों ही अतिरंजित दृष्टिकोण होंगे। वास्तविकता कहीं अधिक जटिल है, जहाँ विद्वत्ता, सत्ता और सांस्कृतिक दृष्टिकोण आपस में मिश्रित दिखाई देते हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद एशिया और अफ्रीका के अनेक देशों में इतिहास के पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू हुई। नए इतिहासकारों ने यह प्रश्न उठाया कि क्या औपनिवेशिक काल में निर्मित ढाँचों को यथावत स्वीकार करना उचित है, या उन्हें नए स्रोतों और दृष्टिकोणों के आधार पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। भारत में भी अनेक शोधों ने यह दिखाने का प्रयास किया कि यहाँ की वैज्ञानिक, दार्शनिक और सामाजिक परंपराएँ अत्यंत जटिल और विकसित थीं। इसी प्रकार चीन, मिस्र और अन्य सभ्यताओं के इतिहास पर भी नए दृष्टिकोण सामने आए जिन्होंने वैश्विक इतिहास की कथा को अधिक बहुआयामी बनाने का प्रयास किया। इक्कीसवीं सदी में यह बहस एक नए रूप में सामने आई है जिसे कई विद्वान 'डिकोलोनाइजिंग हिस्ट्री' या इतिहास को औपनिवेशिक दृष्टिकोण से मुक्त करने की प्रक्रिया कहते हैं। इसका उद्देश्य इतिहास को किसी एक सांस्कृतिक केंद्र से हटाकर बहु-केंद्रित दृष्टिकोण से समझना है। इस प्रक्रिया में यह स्वीकार किया जा रहा है कि मानव सभ्यता का विकास कई भौगोलिक क्षेत्रों में समानांतर रूप से हुआ और विभिन्न संस्कृतियों के बीच निरंतर आदान-प्रदान चलता रहा। इस दृष्टिकोण से इतिहास केवल यूरोप या एशिया की कहानी नहीं बल्कि वैश्विक संवाद की कहानी बन जाता है।

इसके बावजूद यह प्रश्न अभी भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है कि क्या औपनिवेशिक काल की बौद्धिक संरचनाएँ आज भी हमारे विचारों को प्रभावित कर रही हैं। कई पाठ्यपुस्तकों, विश्वविद्यालयों और अंतरराष्ट्रीय विमर्शों में अब भी वही पारंपरिक ढाँचे दिखाई देते हैं जो उन्नीसवीं और बीसवीं शताब्दी के आरंभिक दशकों में विकसित हुए थे। हालाँकि उनमें सुधार और संशोधन होते रहे हैं, फिर भी यह बहस जारी है कि क्या इतिहास की वैश्विक कथा वास्तव में संतुलित है या उसमें अभी भी कुछ सभ्यताओं की आवाज अपेक्षाकृत कम सुनाई देती है।

इस पूरे विमर्श का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इतिहास को किसी स्थिर और अंतिम सत्य के रूप में नहीं देखा जा सकता। वह लगातार बदलता है क्योंकि नए प्रमाण सामने आते हैं, नई पद्धतियाँ विकसित होती हैं और नई पीढ़ियाँ अतीत को अलग दृष्टि से देखने लगती हैं। इसलिए इतिहास का पुनर्लेखन अपने आप में नकारात्मक प्रक्रिया नहीं है; वह ज्ञान की स्वाभाविक प्रगति का हिस्सा है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब इतिहास को केवल सत्ता या पहचान की राजनीति के उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।

अंततः सभ्यताओं की स्मृति के प्रश्न को समझने के लिए संतुलन और आत्मालोचना दोनों आवश्यक हैं। यदि हम यह मान लें कि इतिहास पूरी तरह निष्पक्ष रहा है, तो हम उसके भीतर छिपे शक्ति संबंधों को अनदेखा कर देंगे। और यदि हम यह मान लें कि इतिहास केवल षड्यंत्रों की श्रृंखला है, तो हम उन वास्तविक बौद्धिक प्रयासों को भी कमतर आँकेंगे जिन्होंने मानव ज्ञान को समृद्ध किया है। सही दृष्टिकोण शायद इन दोनों के बीच कहीं स्थित है–जहाँ इतिहास को एक जीवित और विकसित होती हुई प्रक्रिया के रूप में देखा जाए, जिसमें विभिन्न सभ्यताओं की स्मृतियाँ, अनुभव और उपलब्धियाँ मिलकर मानवता की सामूहिक कथा का निर्माण करती हैं।

# शिक्षित,आत्मनिर्भर नारी भारत का गौरवशाली, उज्जवल भविष्य



संजीव ठाकुर
लेखक

आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है। नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है।

राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है' वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा।

अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था।

यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं।

मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं।

वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था। इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है।

नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी।

महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है।

समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है।

समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है।

मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है।

आज का सबसे ताजा उदाहरण कॉमनवेल्थ गेम में महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में प्रवेश किया है और गोल्ड मेडल की तालिका में साक्षी मलिक बहनो, फोगाट बहनों ने विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया है। पी वी संधू, वित्त मंत्री सीतारमण स्मृति ईरानी और मंत्रिमंडल में शामिल महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं।

और सबसे ताजा उदाहरण भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महिला होकर महिलाओं का नाम राष्ट्र की प्रथम पंक्ति में दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया है।

उन्होंने भारत के लिए एक स्वर्णिम इतिहास भी बनाया है।अब भारत में नारियों की स्थिति प्रथम पंक्ति में मानी जाती है। ऐसे में भारत में नारी शिक्षा, उनकी सहभागिता तथा उनकी आत्म निर्भरता भारत के भविष्य की शक्तिशाली ऊर्जा एवं संपत्ति ही होगी। भारत की नारियों को नमन, प्रणाम एवं अभिनंदन।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अस्मिता लीग का आयोजन

वेलकम इंडिया ब्यूरो





**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माई भारत लखनऊ एवं एस ए आई लखनऊ (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं खेल विभाग उत्तर प्रदेश के विशेष सहयोग से महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से के. डी. सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में अस्मिता लीग का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 1000 से अधिक महिला प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य पवन सिंह चौहान रहे।जबकि क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा विभाग एकल अभियान दुर्गेश त्रिपाठी, राष्ट्रीय युवा पुरुस्कार विजेता एवं कर्मठ समाजसेवी अवधेश कुमार, निदेशक ए एस डिफेंस अकादमी अजित कुमार , अनन्या पांडे (ए एस के यू एस फाउंडेशन), ऋषि कुमार (पूर्व चैंपियन एवं हॉकी कोच) तथा मेरा युवा भारत, लखनऊ के उपनिदेशक विकास सिंह उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन की सराहना की।

प्रतियोगिता के प्रमुख परिणामों में 18 वर्ष से ऊपर 400 मीटर दौड़ में नेहा प्रथम, सुरभि पाल द्वितीय व सुधा तृतीय रहीं। अंडर-18 (400 मीटर) में अर्शी प्रथम, प्रदति सिंह द्वितीय व मंश तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-13 (100 मीटर) में लाली कुमारी प्रथम, अंशिका द्वितीय व सलोनी तृतीय रहीं। अंडर-13 से 18 (100 मीटर) में सफक निगार प्रथम, नगमा प्रवीण द्वितीय व आरोही कश्यप तृतीय रहीं।

18 वर्ष से ऊपर (100 मीटर) में संजना मौर्य प्रथम, रोहिणी द्वितीय व मेहक चौरसिया तृतीय रहीं। अंडर-13 से 18 (200 मीटर) में आराध्या प्रथम, श्रेया यादव द्वितीय व शालू तृतीय रहीं। वहीं 18 वर्ष से ऊपर (200 मीटर) में ओशुम इमरान प्रथम, भूमि तिवारी द्वितीय व श्रेया सिंह तृतीय रहीं। विशेष महिला प्रतियोगिता में बबीता प्रथम, रेनू द्वितीय व श्वेता मिश्रा तृतीय रहीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य पवन सिंह चौहान ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है तथा ऐसे आयोजनों से युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। देश के यशश्वी प्रधानमंत्री जी की भी कल्पना है की देश विकसित तभी बन सकता है जब महिलाओं की प्रतिभागिता हर क्षेत्र में होगी, कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ. अतुल सिन्हा, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, लखनऊ की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही तथा सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन की सराहना की।। अस्मिता लीग का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं और महिला खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में खिलाड़ियों, कोचों, आयोजकों और सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में कार्यक्रम के मुख्य आयोजक उपनिदेशक विकाश सिंह और पी सी ए कोच ऋषि कुमार ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भाजपा नेता ईश्वर मावी ने आईएएस कोमल मावी को दी बधाई




भरत सिंह

**अफजलपुर।** भाजपा नेता ईश्वर मावी ने यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली लोनी के ग्राम अफजलपुर निवासी कोमल मावी को उनके घर पहुंच कर बधाई दी। बता दें कि कोमल मावी ने अपने पहले ही प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा पास की थी जिसमें उनकी रैंक 661 थी जिससे वह संतुष्ट नहीं थीं और उन्होंने दोबारा से यूपीएससी की परीक्षा दी जिसमें वह अब 314 रैंक प्राप्त कर आईएएस बनीं हैं। भाजपा नेता ईश्वर मावी ने बताया कि उनके पिता जसराम मावी ने अपने तीनों बच्चों को पढ़ा लिखाकर उच्च पदों पर बैठाने का जो सपना देखा था उसे उनकी बड़ी बेटी कोमल मावी ने पूरा कर दिखाया है।

भाजपा नेता ईश्वर मावी ने कहा कि कोमल मावी ने लोनी क्षेत्र के साथ साथ अपने गांव, प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है इसके लिए वह कोमल मावी और उनके माता पिता को भी बधाई देते हैं।

# एकीकृत ब्राह्मण महासंघ व करणी सेना ने यू जी सी विरोध मे सदर तहसील मे सौपा ज्ञापन




विजय द्विवेदी

**प्रतापगढ़।** एकीकृत ब्राह्मण महासंघ एवं करणी सेना के संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आज सदर तहसील परिसर प्रतापगढ़ में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों ने वऋछ से जुड़े विवादित निर्णयों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से माननीय राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा केंद्र सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि वऋछ के हालिया निर्णय देश की शिक्षा व्यवस्था, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता और युवाओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। बिना व्यापक विचार-विमर्श और समाज की सहमति के इस प्रकार के निर्णय लेना लोकतांत्रिक भावना के विपरीत है।

नेताओं ने कहा कि शिक्षा देश की आधारशिला है और इसके साथ किसी भी प्रकार का प्रयोग देश के लाखों छात्रों और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा। इसलिए केंद्र सरकार को तत्काल प्रभाव से वऋछ से जुड़े सभी विवादित और जनविरोधी निर्णयों को वापस लेना चाहिए।

संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समाज की आवाज को नजरअंदाज किया तो आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा और प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से विवेक पांडेय राष्ट्रीय अध्यक्ष, विवेक दत्त पाली (एडवोकेट जिला अध्यक्ष एकीकृत ब्राह्मण महासंघ), अजय प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष करणी सेना, आनन्द प्रचण्ड (संस्थापक - अधिवक्ता शक्ति पीठ), अनुज कुमार पाण्डेय, अंश मिश्रा, अमित सिंह, आशुतोष तिवारी, दुर्गेश सिंह, बालेन्द्र भूषण सिंह, कुलदीप तिवारी, ऋषि तिवारी, धनंजय सिंह, अवनीश चन्द्र शुक्ल, भूपेंद्र पाण्डेय, सुजीत सिंह, नीरज मिश्रा, अखिलेश सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह 'राकी', चन्द्र प्रताप सिंह, मुस्ताक अहमद, उदयराज आदि उपस्थित रहे।

# थाना सांगीपुर पुलिस द्वारा कुल वारण्टी अभियुक्त/ अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया




विजय द्विवेदी

**प्रतापगढ।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में,थानाध्यक्ष सांगीपुर गौरव त्रिवेदी के नेतृत्व में उ नि आकाश शुक्ला मय हमराह उ नि हरिन्द्र यादव व का दिनेश कुमार द्वारा जांच प्रार्थना पत्र, देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, माननीय न्यायालय द्वारा सेशन ट्रायल नं0 - 335/2019 क्राइम नं0 318/2018 धारा 323,504,506,427 भादवि व 3 (1) sc/st Act थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 01 वारंटी अभियुक्त विकास वर्मा पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी ग्राम पतनपुर कोठा नेवढिया थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया थाना सांगीपुर के उ नि हरिन्द कुमार यादव हमराह का दिनेश कुमार व म का गुन्चा सनोबर द्वारा जांच प्रार्थना पत्र, देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मु नं 27869/21 धारा 323/452/504/506/392 भादवि थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 01 वारंटी अभियुक्त नीरज देवी पत्नी रामकिशोर निवासी ग्राम भुरकुसवापुर पश्चिम देउम थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अंशु सूरज मावी ने किया सड़क का शिलान्यास



भरत सिंह

**शकलपुरा।** शकलपुरा गांव में जिला पंचायत द्वारा बनायी जाएगी सड़क अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर ग्राम शकलपुरा में जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी ने सड़क और नाली निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। उदघाटन समारोह में पहुँचने पर ग्रामीणों ने भाजपा नेता ईश्वर मावी और जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी का आतिशबाजी और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी ने कहा कि आज उन्हें जो कलम की ताकत मिली है वह सब आप लोगों के आशीर्वाद से प्राप्त हुई है उन्होंने कहा कि कम बजट के बाद भी वह ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य कराने का प्रयास कर रही हैं, उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सभी वर्गों को समान अवसर मिले हैं आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है और इस दिन महिलाओं को सशक्त बनाने का संकल्प योगी सरकार ने लिया है आज के दिन विकास कार्यों का शुभारंभ मेरे द्वारा किया गया ये मेरे लिए सौभाग्य की बात है उन्होंने कहा कि शकलपुरा गांव में पहले भी मेरे द्वारा सड़कों और नालों का निर्माण कराया गया है आगे भी विकास का यह क्रम जारी रहेगा उन्होंने बताया कि महान किसान नेता स्वर्गीय राजेश पायलट जी के नाम पर बने महाविद्यालय को जाने वाली सड़क को मुख्य गेट तक आरसीसी से बनाया जाएगा।

इस अवसर पर राजकुमार कसाना ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने जो भरोसा भाजपा नेता ईश्वर मावी और जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी के ऊपर किया था उसमें वह सौ फीसदी खरे उतरे हैं विकास कार्यों के साथ साथ वह हमेशा सुख दुख में लोगों के बीच में रहे हैं उन्होंने गांव के अंदर अनेक विकास कार्य कराने के लिए जिला पंचायत सदस्य का ग्राम वासियों की तरफ से आभार व्यक्त किया।

# महिलाओं के योगदान से ही जीवन रोशन होता है: बॉलीवुड के अभिनेता राजपाल यादव




सनी कुमार केशरवानी

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता राज पाल यादव ने महिलाओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए एक भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि उनकी जिंदगी में जो भी उन्होंने सीखा और समझा है, उसमें महिलाओं का सबसे बड़ा योगदान रहा है।

राजपाल यादव ने अपने संदेश में कहा कि मां का आशीर्वाद, पत्नी का साथ और बेटियों की मुस्कान ही जीवन को सही मायनों में रोशन करती है।

उन्होंने बताया कि हर महिला की हिम्मत और त्याग समाज को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। अभिनेता ने आगे कहा कि महिलाओं का सम्मान करना और उनके योगदान को स्वीकार करना हम सभी का कर्तव्य है।

# नारी शक्ति व आध्यात्मिक सशक्तिकरण पर खुलकर बोली गीता पुष्कर धामी





वेलकम इंडिया ब्यूरो

**देहरादून।** 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, सुभाषनगर सेवाकेन्द्र में 'नारी शक्ति-आध्यात्मिक सशक्तिकरण' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम में आध्यात्मिकता, सम्मान और नारी शक्ति के गौरव का सुंदर संगम देखने को मिला।

ब्रह्माकुमारीज बहनों द्वारा अतिथियों का गुलदस्ते, बैज एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभआरंभ किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेवा संकल्प धारणी संस्था की संस्थापक श्रीमती गीता पुष्कर धामी ने महिलाओं की सामाजिक भूमिका और उनके सशक्तिकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नारी समाज की शक्ति और संस्कारों की धरोहर है। उन्होंने महिलाओं को आत्मविश्वास, शिक्षा और संस्कारों के माध्यम से सशक्त बनने का संदेश दिया,साथ ही नारी नेतृत्व की पोषक ब्रह्माकुमारीज के आध्यात्मिक योगदान की भी सराहना की।



कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि वंडर वुमन अवार्ड से सम्मानित क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. स्वाति मिश्रा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीवन में राजयोग मेडिटेशन को अपनाने से महिलाएं अपने व्यवहार में संतुलन रखते हुए चुनौतियों का सामना सहजता से कर सकती है, एवं स्वयं को सशक्त भी कर सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ने और पीछे मुड़कर न देखने का प्रेरक संदेश दिया।

वही उत्तराखंड की प्रसिद्ध

## एडीसीपी ने मिजार्मुराद कस्बे में किया पैदल भम्रण



**मिजार्मुराद( वेलकम इंडिया)।** मिजार्मुराद कस्बे में रविवार की देर शाम एडीसीपी गोमती जोन नृपेंद्र ने कानून–व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मिजार्मुराद थाने के पुलिसकर्मियों के साथ पैदल भम्रण कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के स्थिति का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने थाने से शुरू होकर मुख्य बाजार से होते हुए कस्बे के लास्ट छोर तक भम्रण किया।भम्रण के दौरान रास्ते में आम नागरिकों, दुकानदारों और राहगीरों से सुरक्षा व्यवस्था के बाबत जानकारी लिया।वही जिन दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे नही लगे तो उन्होंने मिजार्मुराद थाना प्रभारी से कहां की ऐसे दुकानदारों से बात कर दुकानों में व बाहर कैमरों बोलकर अवश्य लगवाए।भम्रण के दौरान मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय, खजुरी चौकी प्रभारी गणेश पटेल, एसएसआई अजय तिवारी, एसआई मधुसूदन त्रिपाठी, कौशल किशोर, महेन्द्र सरोज, प्रेम कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## चाकू से हमला कर युवती को किया घायल, मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद( वेलकम इंडिया)।** मिजार्मुराद क्षेत्र के मिल्कीपुर (पुरुषोत्तमपुर) गांव में रविवार की दोपहर रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया।मनबढ़ों युवकों ने चाकू से हमलाकर ललिता देवी नामक युवती को घायल कर दिया।युवती ललिता देवी मिजार्मुराद थाने पहुंच पड़ोस के ही चंदन, रविशंकर, संजय, साधु के खिलाफ तहरीर देकर बताई की काम से भाड़े पर अपने दरवाजे पर ट्रैक्टर बुलाई थी ट्रैक्टर वाला ट्रैक्टर लेकर आ रहा था सभी उसको रोकर गाली–गलौज देने लगे और बोले इस रास्ते से नही जाने दूंगा।जब में बोली ये सार्वजनिक रास्ता है क्यों नही आने दोगों तो चंदन चाकू लेकर आया और जान से मारने के नियत से हमला कर दिया में किसी तरह बचाव की दोनों हाथ में कई जगह चाकू लग गया वही अन्य सब लातघुसे से मारते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले।मिजार्मुराद पुलिस ने युवती के तहरीर पर चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायल को मेडिकल मुआवजा हेतु भेज दी।

## भूमि विवाद में मारपीट, महिला का सिर फटा

**मिजार्मुराद( वेलकम इंडिया)।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव (मिजार्मुराद) में रविवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया।लाठी–डंडा ईट चलने से एक पक्ष की महिला रेखा पटेल का सिर फट गया।पीड़िता रेखा के पति छविनाथ पटेल ने मिजार्मुराद थाने पहुंच पड़ोस के ही संतलाल पटेल, नंदलाल पटेल उर्फ नन्दू,चन्द्रबली पटेल, निर्मला पटेल समेत दस लोगों के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देना व गाली–गलौज देने का तहरीर दिया। मिजार्मुराद पुलिस तहरीर लेकर जांच–पड़ताल में जुट गई।वही घायल महिला को मेडिकल मुआवजा हेतु भेज दी।

# वृंदा नगर विकास समिति के होली मिलन समारोह में जमकर उड़ा गुलाल

## गुलाब की पंखुड़ियों से कॉलोनी वासियों ने मंत्री संग जमकर खेली होली

**संदीप तिवारी**

**वाराणसी मिजार्मुराद (वेलकम इंडिया)।** वृंदा नगर विकास समिति द्वारा बीते शनिवार को होली मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का शानदार आयोजन वृंदा नगर कॉलोनी टकटकपुर में किया गया था। गुलाब की पंखुड़ियों और अबीर -गुलाल संग कॉलोनी वासियों ने जमकर होली खेली। सांस्कृतिक आयोजन में प्रसिद्ध गायिका रिंकी सिंह ने होली के एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति से कार्यक्रम को रंगमय बना दिया। 'आज बिरज में होली रे रसिया...होली खेले मसाने में जैसे गीतों पर कॉलोनी वासियों ने जमकर ठुमके लगाए।वहीं प्रसिद्ध गायक सुरेन्द्र सिंह एवं मनीष यादव ने अपने गायकी के रंग से लोगों को सराबोर कर दिया। आयोजन में समिति के सभी सदस्य गणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दिया।एक मंच पर एकत्र होकर कॉलोनी वासियों ने आपसी सौहार्द का संदेश दिया। होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि

स्टांप एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश सरकार रवींद्र जायसवाल ने वृंदा नगर विकास समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह की प्रशंसा करते हुए कहा कि होली प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का पर्व है जो समाज को एकजुट करने का कार्य करता है। कॉलोनी वासी एक दूसरे के काम आने वाले पड़ोसी होते हैं ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से भाईचारा बढ़ता है।

मुख्य अतिथि का स्वागत समिति के संरक्षक कमलेश नारायण सिंह व अध्यक्ष उदयभान सिंह ने अंगवस्त्रम, मोमेंटो और माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पधारे पाण्डेयपुर के कर्मठ पार्षद अशोक मौर्या का सम्मान समिति के वरिष्ठ सदस्य शिव शंकर सिंह और बी. सिंह ने मोमेंटो, अंगवस्त्र और माल्यार्पण कर किया। वहीं विशिष्ट अतिथि सरसौली की पार्षद एवं बीजेपी महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष कुसुम पटेल का सम्मान गीता सिंह और कान्ति सिंह ने अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर किया।



विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद सरसौली राजेंद्र पटेल का सम्मान चंद्रदेव सिंह व श्याम नारायण यादव ने मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर किया।विशिष्ट अतिथि चंदौली सांसद के प्रतिनिधि नवीन सिंह बबलू का सम्मान अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर जितेन्द्र सिंह एडवोकेट एवं पवन सिंह ने किया। कार्यक्रम में वृंदा नगर विकास समिति के सबसे वरिष्ठ सदस्य सुबोध चंद सामंत उर्फ बंगाली दादा का भी सम्मान समिति के संरक्षक और अध्यक्ष ने शाल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर किया। बंगाली दादा ने उपस्थित सभी लोगों को आशीर्वचन दिया।

समिति के महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों, गणमान्य जनों और कॉलोनी वासियों को धन्यवाद प्रेषित कर आभार व्यक्त किया। कोषाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह अतिथियों को समुचित स्थान देने के साथ देख-रेख में लगे रहे।कार्यक्रम में जिलेदार सिंह, रामनगीना सिंह,बंश बहादुर सिंह,रविन्द्र नाथ सिंह, डी.के सिंह,राजीव कुमार सिंह, अवध बिहारी पाठक, विजय सिंह एडवोकेट, एस के पाण्डेय, अनूप श्रीवास्तव, संजीव सिंह, प्रकाश सिंह, राकेश सिंह, गोविन्द सिंह, गोपाल राय, मनोज मिश्रा, अवधेश सिंह अंशु, मनोज सिंह डब्लू, कन्हैया तिवारी,दिगम्बर सिंह, दिनेश मिश्रा, डॉ एस एस यादव, यू.बी सिंह, विनोद कुमार सिंह,रवि प्रकाश सिंह,विवेक सिंह, दिनेश प्रताप सिंह आदि के साथ सैंकड़ो लोगों ने उपस्थित होकर भरपूर सहयोग करते हुए बढ़ चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई। इस अवसर पर ठंडई, चाट, मिष्ठान एवं भोजन का भी आनंद लोगों ने लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला दिवस पर एलपीजी गैस के दाम बढ़ाकर महिलाओं की खुशी में खलल: शशि प्रताप सिंह



**वाराणसी (संतोष कुमार सिंह )।** नेशनल इक्वल पार्टी के संयोजक शशि प्रताप सिंह ने घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए जाने पर केंद्र की बीजेपी सरकार की कड़ी आलोचना की है उन्होंने कहा कि महिला दिवस और रमजान जैसे महत्वपूर्ण अवसर के बीच गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाना सरकार की संवेदनहीनता को दशार्ता है उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार 'सबका साथ,सबका विकास' का नारा देती है, वहीं दूसरी तरफ रमजान के पवित्र महीने में नमाज़ियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है और महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की खुशियों में खलल डाला गया है। शशि प्रताप सिंह ने कहा कि जिस दिन 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे नारों के साथ महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की बात होनी चाहिए थी उसी दिन एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर सरकार ने मां–बहनों की जेब पर बोझ डालने का काम किया है उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि बढ़ी हुई कीमतों को तुरंत वापस लिया जाए ताकि आम जनता और खासकर महिलाओं को राहत मिल सके।।

### पालतू कुत्ते के हमले में 10 वर्षीय बालिका घायल,पड़ोसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**कांधला (मोहसिन रहमानी )।** नगर के मोहल्ला खेल में परचून की दुकान से सामान लेने जा रही एक 10 वर्षीय बालिका पर पड़ोसी के पालतू कुत्ते ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। बालिका के पिता ने घायल का प्राथमिक उपचार कराने के बाद आरोपी पड़ोसी के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।रविवार को मोहल्ला खेल निवासी जक्की ने बताया कि उनकी 10 वर्षीय पुत्री आफिया घर से पास की परचून की दुकान पर सामान लेने जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने अपना पालतू कुत्ता खुला छोड़ रखा था, जिसने अचानक बालिका पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले से घबराई बालिका ने शोर मचाया, जिस पर आसपास के लोग डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और कुत्ते के चंगुल से बालिका को छुड़ाया। पीड़ित के अनुसार, इससे पहले भी आरोपी के पालतू कुत्ते द्वारा कई लोगों पर हमला कर उन्हें घायल किया जा चुका है। घटना के बाद परिजन घायल बालिका को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे एंटी–रेबीज के इंजेक्शन लगाए।पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर आरोपी पड़ोसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति को जांच करने के बाद का आश्वासन दिया है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**कांधला।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अफकार इंडिया फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को कानूनी रूप से जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की कार्यकर्ता यासमीन ने किया।कार्यक्रम में यासमीन ने महिला अधिकारों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लगभग 100 वर्ष पहले 1908 में अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर से महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए आंदोलन शुरू किया था, जिसमें काम के घंटे, उचित वेतन और साप्ताहिक अवकाश जैसी मांगें उठाई गई थीं। इसके बाद संस्था की जिया कटारिया ने महिलाओं को शिक्षा पर ध्यान देने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर बिना डर अपनी बात रखने की प्रेरणा दी। सामाजिक कार्यकर्ता हदीसा ने कहा कि महिलाओं को दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय खुद सक्षम बनकर समाज की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए।इस दौरान राहुल कुमार ने महिलाओं के समूह बनाकर सामाजिक भेदभाव से जुड़ी एक गतिविधि कराई और बताया कि महिलाएं संगठित होकर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकती हैं। साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर की जानकारी दो बताया की महिलाओं से जुड़े विभिन्न मामलों में सहायता मिलती है।कार्यक्रम के अंत में संस्था के निदेशक अकरम अख्तर ने कहा कि महिलाओं को परिवार, शिक्षा, नौकरी और व्यवसाय जैसे कई क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन जागरूकता और एकता से इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।
कार्यक्रम में बुढ़ाना कैराना सहित क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर बिलाल अहमद,आयशा मालिक, आबिद मजीदी, मोहम्मद रिजवान इसराना, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### गंगेरू मार्ग पर ओवरलोड गन्ना ट्रकों से बना जान का खतरा



**कांधला।** नगर के गंगेरू मार्ग से गुजरने वाले गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक हादसों को न्योता देते हुए बेखौफ होकर सड़क से गुजर रहे हैं। मार्ग के संकरा होने और दोनों ओर अतिक्रमण होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।रविवार को क्षेत्र के कई लोगों ने जिला प्रशासन से शिकायत करते हुए गंगेरू मार्ग से गुजरने वाले ओवरलोड गन्ना ट्रकों पर रोक लगाने और सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू की ओर से प्रतिदिन बड़ी संख्या में गन्ने से भरे ट्रक नगर से होकर गुजरते हैं, जो किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। आरोप है कि ट्रक मालिक अपने वाहनों में क्षमता से अधिक गन्ना भरकर लाते हैं। कई बार यह ओवरलोड ट्रक ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों से भी टकराते हुए निकलते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में भी इन ओवरलोड ट्रकों के कारण कई हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद भी संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।वहीं गंगेरू मार्ग पर कई लोगों ने कबाड़ की दुकानें कर रखी हैं, जबकि कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर सामान, फ्लेक्स बोर्ड और प्रचार बैनर रखकर अतिक्रमण कर रखा है।

## त्रिशक्ति सेवा फाउण्डेशन एवं हिंदू युवा वाहिनी वाराणसी ने प्रदर्शन कर पुतला फूंका,नागरिकता रद्द करने और कड़ी कार्रवाई की मांग

**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** बिहार के मौलाना अब्दुल्ला सलीम द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को लेकर कथित विवादित और आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के बाद सामाजिक और राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। इस बयान के विरोध में रविवार को वाराणसी में युवाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया और मौलाना का पुतला फूंका। हिंदू युवा वाहिनी के मंडल प्रभारी और वाराणसी विकास प्राधिकरण के मानद सदस्य अंबरीश सिंह भोला ने ऐलान किया कि जो व्यक्ति मौलाना का सिर काटकर लाएगा,उसे हिंदू युवा वाहिनी की ओर से 21 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। शहर के मैदागिन चौराहे पर त्रिशक्ति सेवा फाउंडेशन और हिंदू युवा



वाहिनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे। प्रदर्शनकारियों ने मौलाना अब्दुल्ला सलीम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका और प्रशासन से उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि या उनके परिवार के बारे में इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी समाज में वैमनस्य फैलाने वाली है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

अंबरीश सिंह भोला ने कहा कि मुख्यमंत्री की माता को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी निंदनीय है और इससे प्रदेश की जनता की भावनाएं आहत हुई हैं उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए,ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह की टिप्पणी करने का साहस न कर सके उन्होंने प्रशासन से मौलाना अब्दुल्ला सलीम की नागरिकता रद्द करने की मांग भी की साथ ही यह भी घोषणा की कि जो व्यक्ति मौलाना का सिर काटकर लाएगा उसे हिंदू युवा वाहिनी की ओर से 21 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण रहा,हालांकि पुलिस की मौजूदगी में स्थिति नियंत्रित रही। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया।

## रसोई गैस सिलेंडर को कबाड़ मे डालकर सपा नेता विष्णु शर्मा ने जताया अनोखा विरोध

**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** केन्द्र सरकार द्वारा रसोई गैस सिलेंडर मे मूल्य वृद्धि को लेकर सपा नेता ने अनोखे तरीके से विरोध जताया है। सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा 'विश्वकर्मा ' ने अपने लोहटिया स्थित आवास पर थे तभी के कबाड़



बेचने वाले कबाड़ी ने आवाज लगाते हुए लोहा,प्लास्टिक,कागज बेचो का आवाज लगा रहा था। सपा नेता विष्णु शर्मा 'विश्वकर्मा' ने अपने आवास से रसोई गैस सिलेंडर लेकर निकले और कबाड़ बेचने वाले के झोले मे सिलेंडर कबाड़ मे डालकर विरोध जताया।

सपा नेता विष्णु शर्मा 'विश्वकर्मा' ने कहा कि सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली भाजपा सरकार पुनः सिलेंडर के मूल्य मे वृधि कर साठ रुपए रसोई गैस सिलेंडर एवं कामर्शियल सिलेंडर एक सौ पंद्रह रुपये बढाए जाने से मध्यम वर्गीय एवं निम्न वर्ग एवं गृहणीया परेशान है एवं महंगाई के मार से सभी वर्ग के लोग त्रस्त है सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली सरकार ने सबका साथ एवं सबका नाश कर दिया है।

## आर.आर. पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पर महिलाओं को किया सम्मानित




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**नूरपुर।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा अनुबोधित संस्था शिवशक्ति ग्रामोद्योग विकास संस्थान के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आर.आर. पब्लिक स्कूल, नूरपुर (जनपद बिजनौर) में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मंच पर एलडीएम अखिल सिंह, डीडीएम भूपेश पुनेरा, रंजीत चौधरी, मनुजेंद्र गुप्ता, दीपा गुप्ता, प्राची गुप्ता, टीकम सिंह, प्रमोद कुमार शर्मा, मोहम्मद साइम राजा, मनीषा राजपूत तथा गौरव कुमार चौहान मौजूद रहे। इस अवसर पर एलडीएम अखिल सिंह ने विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं डीडीएम भूपेश पुनेरा ने नाबार्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं ग्रामीण विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी। गौरव कुमार चौहान ने महिला उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण के विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि किस प्रकार महिलाओं को छोटे-छोटे रोजगारों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं में दीपा गुप्ता, प्राची गुप्ता, कुसुम देवी, मीना कुमारी, गीता रानी, कुमारी पवन, रूपाक्षी राजपूत, रोशन जहाँ, पूजा चन्द्रा, आयशा मलिक, मीनू, कल्पना शर्मा, ऋतु रानी, पारुल चौहान, रंजना चौहान, प्राची चौहान, वंशिका राजपूत, बबीता पाल, नैंसी चन्द्रा तथा मोनिका शामिल रहीं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही तथा सभी ने महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन स्वाति यादव द्वारा किया गया।

## युवती ने प्रेम विवाह के बाद परिजनों पर धमकी का आरोप लगाते हुए मांगी सुरक्षा




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**जहांगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवती ने प्रेम विवाह के बाद अपने परिजनों से जान का खतरा बताते हुए प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है। युवती ने आरोप लगाया है कि उसके परिजन उसको व पति को लगातार धमकी दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र की निवासी एक युवती ने बताया की उसने 17 सितंबर 2025 को बुलंदशहर निवासी एक युवक से अपनी इच्छा से प्रेम विवाह किया था। युवती के अनुसार वह बालिक है, वहीं उसका आरोप है कि उसके परिजन इस प्रेम विवाह से खुश नहीं है और तभी से उसे तथा पति को परिजनों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की परिजन व रिश्तेदार आए दिन मारपीट और गोली करने की धमकी देते हैं, जिसकी मोबाइल फोन पर धमकाते हुए की कॉल रिकॉर्डिंग उसके पास मौजूद है। युवती का कहना है कि उसने पहले थाना पुलिस से शिकायत की थी लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिसके चलते उसने अपनी सुरक्षा के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने इस मामले में आदेश जारी करते हुए सुरक्षा के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए उसे वह उसके पति और ससुराल पक्ष को सुरक्षा प्रदान की जाए साथ ही धमकी देने वाले लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। जिससे वह अपना सुरक्षित वैवाहिक जीवन जी सके। वहीं कोतवाली प्रभारी संजेश कुमार ने बताया कि 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया

**नूरपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास खण्ड नूरपुर में मुख्य अतिथि आकांक्षा चौहान, ब्लॉक प्रमुख नूरपुर की गरिमामयी उपस्थिति में महिलाओं के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम विकास खण्ड नूरपुर की समूह की महिलाओं द्वार मुख्य अतिथि आकांक्षा चौहान, ब्लॉक प्रमुख नूरपुर तथा डॉ दिनेश पाल शर्मा खण्ड विकास अधिकारी नूरपुर को शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात समूह की महिलाओं ने म्यूजिकल चेयर, शेर-बकरी, खो-खो आदि खेलों का प्रदर्शन किया जिसमें आकांक्षा चौहान, सोनम तथा सोनिका विजयी रही। जिसके उपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आकांक्षा चौहान ब्लॉक प्रमुख नूरपुर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस वर्ष 2026 की थीम 'समानता से सशक्तीकरण, भविष्य की नींव' जो कि महिलाओं के नेतृत्व और तकनीकी नवाचार पर केंद्रित है पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किये तथा बताया कि यह दिन कार्यस्थल पर असमानता, हिंसा और शिक्षा की कमी जैसे मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित करता है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित कार्यक्रम आयोजित किया गया

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** डॉक्टर प्रोफेसर प्रधानाचार्य ब्लॉक प्रमुख ग्राम प्रधान व सभासद और अधिशासी अधिकारी सहित एक दर्जन से अधिक महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मान समारोह की संयोजक पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी व जिला कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ व मंडल अध्यक्ष क्षत्रिय महासभा ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर नगर पालिका सभागार में सम्मानित किया।






रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद अनूपशहर की सभागार में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसकी आयोजन डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एवं अध्यक्ष पद की पूर्व प्रत्याशी प्रज्ञा गौड़ व क्षत्रिय महासभा के मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव रहे ।सम्मान समारोह की अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अनूपशहर गार्गी त्यागी ने की। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी व समाज में अपने विभिन्न माध्यमों से योगदान दे रही जिनमे एमबीबीएस एमएस डॉक्टर महाविद्यालय के प्रोफेसर इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य ब्लॉक प्रमुख ग्राम प्रधान व समाजसेवी सम्मिलित रही जिसके क्रम में डॉक्टर आशा गुप्ता, डॉक्टर सुनीता मेहता ,प्रधानाचार्य जी डीएवी कन्या इंटर कॉलेज सुषमा वर्मा प्रधानाचार्य पीएसपीए विद्या मंदिर पी वाला, कस्तूरबा आवासीय बालिका गांधी विद्यालय अनूपशहर की वार्डन मुनेश कुमारी एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राधा उपाध्याय एसोसिएट प्रोफेसर आरडीपी डी श्रीमती राजबाला ब्लॉक प्रमुख जहांगीराबाद संगीता सिंह राष्ट्रीय स्तर पर नाम टीएलएम में रोशन कर चुकी सहायक अध्यापक श्रीमती गुंजन शर्मा ग्राम प्रधान अनीता देवी सभासद शीला शर्मा अधिशासी अधिकारी गार्गी त्यागी सहित एक दर्जन से अधिक महिलाओं को कार्यक्रम संयोजक प्रज्ञा गौड़ व ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने समाज के प्रबुद्ध वर्ग के बीच माला पहनकर व स्मृति चिन्ह बैठकर सम्मानित किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर आशा गुप्ता डॉक्टर सुनीता मेहता डॉक्टर राधा उपाध्याय पी वाला संगीता सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आयोजन डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ व ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने सराहना कर महिलाओं के अधिकार व संस्कार व समाज में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सभागार में उपस्थित सभी से महिलाओं को बराबरी के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ सामाजिक चुनौतियों में साथ खड़े होने के आ'ान के साथ-साथ देश में महिला शक्ति से ही मजबूत राष्ट्र के निर्माण होने का आ'ान किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर पीके त्यागी पूर्व अध्यक्ष चीनी मिल मनोज प्रधान, एल डी ए वी प्रवक्ता अखंड प्रताप सिंह, शेख रईस ने महिलाओं का परिवार के साथ-साथ समाज में अहम योगदान बताया अंत में कार्यक्रम संयोजक प्रज्ञा गौड़ व ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों से आई मुख्य प्रतिभाओं की धनी सभी महिला प्रतिनिधित्व करने को आभार प्रकट करते हुए समाज सेवा में राष्ट्र निर्माण में ऐसे अच्छे कार्यों के आयोजन के लिए सहयोग प्रदान करने का आ'ान किया सम्मान समारोह में समाजसेवी युवा नेता बबलू कुरैशी, प्रधानाचार्य हेमंत शर्मा, एडवोकेट अवधेश शर्मा, समाजसेवी दिनेश शर्मा शिक्षक नेता राजकुमार राघव भूपेंद्र सिंह राघव बृजेश शर्मा नरसिंह कुशवाहा शिक्षक व प्रधान पति श्रवण कुमार भूपेंद्र सिंह राघव आदि रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में किया हुआ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

वेलकम इंडिया संवाददाता




**मथुरा।** महिला दिवस के अवसर पर बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विधायक बलदेव पूरन प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा गुप्ता, जिला सेवायोजन अधिकारी सुश्री सुगंधा जैन, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सर्व प्रथम माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित महिला दिवस के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभी ने देखा। इसके उपरांत मुख्य अतिथि विधायक पूरन प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की देश और समाज के विकास में अहम भूमिका है और सरकार लगातार महिलाओं और किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए प्रयास कर रही है एवं इसके अच्छे परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने बाल विकास विभाग की प्रशंसा करते हुए कहा कि विभाग की महिलाएँ गाँव - गाँव में पहुंचकर प्रत्येक व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाती है।

मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर पूजा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएँ घर और बाहर दोनों जगह की ज़िम्मेदारी संभाल रही हैं। उन्होंने शुभकामना दी महिलाएँ ऐसे ही हर क्षेत्र में तरक्की करें और आगे बढ़ें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती बुद्धि मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को अन्य महिलाओं के सशक्तीकरण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

पीड़ित या शोषित महिला की मदद के लिए सबसे पहले आगे आना चाहिए। प्रत्येक महिला को अपने परिवार की बालिकाओं को घर और कार्य क्षेत्र में संतुलन बनाकर रखने तथा महिला की गरिमा बनाए रखने के बारे अवश्य शिक्षित करना चाहिए।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी - मथुरा ग्रामीण श्रीमती शशि मिश्रा और सुपरवाइजर श्रीमति मनीषा कौशल तथा फरह परियोजना की सुपरवाइजर - पूनम कुंतल को पोषण पुनर्वास केंद्र में सर्वाधिक बच्चे भर्ती कराने के लिए सम्मानित किया गया। इसी प्रकार विभाग में अच्छा कार्य करने वाली 4 आंगनबाड़ी कार्यकताओं श्रीमती प्रमिला ,आंगनवाड़ी केंद्र-सुभाष नगर ,शहर परियोजना श्रीमती मीना शर्मा -आंगनवाड़ी केंद्र -पलसों ,परियोजना गोवर्धन , श्रीमती मुंदरा देवी आंगनवाड़ी केंद्र - नगला काशी ,परियोजना ग्रामीण श्रीमती जयश्री - आंगनवाड़ी केंद्र-बरसाना ,परियोजना नंदगांव को आज कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

इन सभी कार्यकताओं द्वारा अपने केंद्र के सभी लाभार्थियों का राशन का वितरण शत प्रतिशत एफआरएस (चेहरा प्रमाणीकरण तकनीक) के माध्यम से किया जाता है।बाल विकास विभाग में नवचयनित 2 सुपरवाइजर -श्रीमती विमल राज एवं सुश्री प्रवेश फौजदार को आज नियुक्ति पत्र भी प्रदान किये गए।

अतिथियों ने उपस्थित सभी कार्यकताओं एवं महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर, बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सेवायोजन विभाग एवं प्रोबेशन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# थाना मेंहदावल ने चोरी के 01 अदद मन्दिर के घण्टे के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्वदवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान जनपद में चोरी जैसी घटनाओं के सफल अनावरण हेतु थानाध्यक्ष मेंहदावल सुरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 श्री एखलाक खान, का0 अमेरिका प्रसाद, का0 लालजी ने मु0अ0सं0 80/2026 धारा 305(घ),317 बीएनएस में वांछित 01 अभियुक्त हरिकेश पुत्र दुर्गविजय निवासी बड़हरी कन्हई बड़हरा थाना पुरन्दरपुर जनपद महराजगंज हाल पता ग्राम पाखापार थाना धर्मसिंहवा जनपद संतकबीरनगर को मन्दिर से चोरी के 01 अदद घण्टे के साथ जमुअरिया खण्डंजा मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया । दिनाँक 07.03.2026 को वादी श्री दीपक निषाद पुत्र रामप्रीत निषाद निवासी बीमापार वार्ड नं0 05 थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना मेंहदावल पर उनके द्वारा विसौवा रोड घलनिया पुल एवं मनोरथपुर ग्राम के बीच निरहु बाबा मन्दिर पर उनके द्वारा अपने जन्मदिन पर लगवाए गए 21 किग्रा के घण्टे को दिनांक 06.03.2026 की रात्रि में चोरी कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था । प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना मेंहदावल पर मु0अ0सं0 80/2026 धारा 303(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया था।

# बिजली की लाइन की चपेट में आने से किसान की हुई मौत, दो लोग घायल शव पोस्टमार्टम को भेजा

वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** छतारी क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर बिलोनी में रविवार को खेत से ट्रैक्टर-ट्रॉली में आलू लदान करते समय हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई, जबकि दो लोग झुलसकर घायल हो गए।

घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किसान हरवीर पुत्र शंकर सिंह उम्र करीब 40वर्ष अपने साथी कुलदीप और अंकित के साथ मिलकर खेत से ट्रैक्टर-ट्रॉली में आलू का लदान कर रहे थे।

इसी दौरान ट्रॉली में आलू की बोरी डालते समय ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइन के संपर्क में आ गई। हादसे में हरवीर की मौके पर मौत हो गई जबकि कुलदीप और अंकित घायल हो गए।

घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइन काफी नीची है। जिस कारण हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है। जिसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लापरवाही के कारण हादसा हुआ है।

# समाज को अपने अधिकारो के प्रति जागरूक होना पड़ेगा: पप्पू निषाद

## सामाजिक जागरूकता/ प्रगति चिंतन बैठक उजाला मैरिज हाल नरसिंहपुर में संपन्न

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** रविवार को उजाला मैरिज हाल नरसिंहपुर में सामाजिक जागरूकता/ प्रगति चिंतन बैठक का आयोजन किया गया।इस दौरान सांसद सहित कई हस्तियों ने शिरकत की। उजाला मैरिज हाल नरसिंहपुर में रविवार को सामाजिक जागरूकता/ प्रगति चिंतन बैठक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा सांसद लक्ष्मीकान्त उर्फ पप्पू निषाद ने कहा कि समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। जागरूक समाज ही अपने अधिकारों को प्राप्त करते हैं। आप सिर्फ एक वोट बैंक मत बनिए। सामाजिक जागरूकता/प्रगति चिंतन बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव, बेहतर संवाद, सहानुभूति और नैतिक मानदंडों को बढ़ावा देना है। ये बैठकें समुदायों में ज्ञान, कौशल और सहयोग को बढ़ावा देती हैं, जो व्यक्तिगत और सामूहिक विकास के लिए आवश्यक हैं।

उन्होंने कहा कि हमें उन शक्तियों को बेनकाब करना है जो हमारा वोट लेकर सौदा करते हैं। ऐसे लोगों के बहकावे में न आये।

निषाद समाज की प्रमुख मांगें आरक्षण और राजनीतिक हिस्सेदारी हैं, जिसके लिए लगातार संघर्ष किया जा रहा है।

इस अवसर पर निदेशक- मोस्ट शिक्षक श्याम लाल निषाद ने कहा कि निषाद समाज को जगाने के लिए हम निकले हैं हम सबका प्रयास है कि समाज को सशक्त और एकजुट बनाना। साथ ही हम वोट बैंक न बने बल्कि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनें। कार्यक्रम को संतबाली निषाद, बाल किशन निषाद, श्यामलाल निषाद, सतीश साहनी ने भी सम्बोधित किये। इस अवसर पर वसीम अहमद, श्यामजी विश्वकर्मा, धर्मेंद्र यादव, अर्जुन यादव, समीउल्लाह खान, रामजी फौजी, शकुंतला निषाद, बलिराम साहनी आदि मौजूद रहे।

# पूज्य अंतरराष्ट्रीय संत श्री चिन्मयानंद बापू जी की अमृतमयी वाणी से होगी रस वर्षा

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा(गोवर्धन)।** चरणामृत कुंड महेश्वरी भवन के सामने परम पूज्य अंतरराष्ट्रीय संत श्री चिन्मयानंद बापू जी के श्री मुख से विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा 9 मार्च से 15 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन श्री गिरिराज गोवर्धन की पावन तलहटी में रखा गया है। जिसका शुभारंभ आज 9 मार्च शाम 4:00 बजे से किया जाएगा।

विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी श्री मुरारी लाल गोयल जी ने बताया कि यह कथा बिना किसी टेंट पंडाल आदि व्यवस्थाओं से नहीं सुसज्जित होगी। बल्कि इस कथा को पूरा प्राकृतिक रूप दिया गया है। स्वयं गिरिराज गोवर्धन की पावन तलहटी में परम पूज्य बापूजी एक फूस की झोपड़ी में बैठकर भक्तों को ब्रजरज में बिठाकर कथा का रसपान कराएंगे। जिससे समाज में एक नया संदेश और पुरानी सभ्यता का अनुसरण किया जाएगा।

ट्रस्ट परिवार से सभी बृजवासियों से इस कथा में ज्यादा से ज्यादा उपस्थित होने का आग्रह किया गया कथा नित्य शाम 4:00 बजे से 7:00 तक चलेगी। शाम 7:00 बजे के बाद विशाल भोजन प्रसाद की व्यवस्था की जायेगा।

# वैदिक संस्कारम ट्रस्ट ने किया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह




वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा(गोवर्धन)।** तहसील के गांव पैठा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के सम्मान में पंद्रह सौ महिलाओं को सम्मानित करने हेतु एक समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मंच पर गिरिराज जी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर फूल माला चढ़ाई, तत्पश्चात आगंतुकों को पटुका पहना कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ क्षेत्रीय विधायक के द्वारा किया गया, रुचिका गर्ग द्वारा महिलाओं को संबोधित करते हुए महिलाओ की आज की उपलब्धिऔ को याद कराया गया और महिलाओं को सम्मानित करते हुए क्षेत्रीय महिलाओं को साड़ी एवं सूट पदाधिकारियो द्वारा वितरित किए। राधे भैया ने बताया कि संस्थान द्वारा भारत में पांच जगहों पर प्रोग्राम संचालित हो रहे हैं।

जिनमें मुरादाबाद, आदमपुर हिसार , अलवर, पैंठा गोवर्धन, एवं गुडग्राम मुख्य स्थान हैं। इस संस्थान के फाउंडर एवं प्रेसिडेंट राधारमण उर्फ राधे भैया, सेक्रेटरी अश्विनी कौशिक, वाइस प्रेसिडेंट मीनू तिवारी रुचिका गर्ग गुड़गांव, बरखा शर्मा जयपुर, सतीश चंद एवं विधिक, सलाहकार रमेश चंद, सेंटर हेड गुलाब चंद आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री भगवत शरण महाराज जी पधारे, मंच का संचालन सुनील पीढ़ी एवं दाऊदयाल सोनी ने किया।

# विकास की नयी इबारत लिख रहा है जूरी गांव



मु. परवेज अख्तर

**संतकबीरनगर।** विकास खंड बघौली का जूरी गांव विकास की नयी इबारत लिख रहा है। गांव में बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है यही कारण है कि खुर्शीद अहमद लगातार लगभग 25 वर्षों से गांव के प्रधान हैं।

ग्राम प्रधान खुर्शीद अहमद के नेतृत्व में गांव निरंतर विकास के नये आयाम गढ़ रहा है। ग्राम प्रधान खुर्शीद अहमद ने वेलकम इंडिया प्रतिनिधि से खास बातचीत में कहा कि गांव में इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण, सड़क, पंचायत भवन का निर्माण, प्राथमिक विद्यालय का जीर्णोद्धार आदि कार्य कराये गये हैं। हमारा हमेशा से यह प्रयास रहा है कि शासन की योजनाओं का लाभ गांव के लोगों को मिले।



ग्रामीण पलक धारी, संतराम, राम वृक्ष, राम हित, उबैदुर्रहमान, तुलसी, आतिफ, रिजवान, लल्लन ने बताया कि खुर्शीद अहमद ने गांव में तमाम विकास के कार्य कराये हैं। वह लगातार गांव के हित के लिए तत्पर रहते हैं।

# डाक बंगले पर लगा जनता दरबार, विधायक रामचंद्र यादव ने सुनी लोगों की समस्याएं

फतेह खान

**रूदौली(अयोध्या)।** रूदौली विधायक रामचंद्र यादव ने रविवार को रूदौली स्थित डाक बंगले पर जनता दरबार लगाकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे।

विधायक ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निस्तारण किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जनता दरबार में सड़क, बिजली, पानी, राजस्व व अन्य विभागों से जुड़ी कई समस्याएं सामने आईं, जिनके समाधान के लिए अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।





विधायक ने कहा कि जनता की सेवा और उनकी समस्याओं का समाधान ही उनकी प्राथमिकता है।

# ट्रैक्टरों पर रखा म्यूजिक सिस्टम दे रहा हादसों को न्योता

**बुगरासी(वेलकम इंडिया )।** बुगरासी क्षेत्र में आजकल ट्रैक्टरों पर रखे म्यूजिक सिस्टम हादसों को खुला न्योता दे रहा है। क्योंकि ये चालक सिस्टम को इतनी तेज आवाज में चलाते हैं कि पीछे चलने वाले वाहन चालक कई कई किलो मीटर तक होर्न बजाते रहते मगर सिस्टम की तेज आवाज के चलते उन्हें कुछ भी सुनाई नहीं देता है ।कभी कभी तो इनका आपस में भंयकर झगडा भी हो जाता है। क्योंकि जहा भी पीछे चलने वाले वाहन को आगे निकलने की जगह मिलती है वहीं आगे निलकर दोनों में तू तू मैं मैं शुरू हो जाती है और फिर यहीं तू तू मैं मैं गाली गुफ्तार में बदलकर हाथापाई में बदलकर भंयकर रूप ले लेती है के बाद दोनों पक्ष थाने तक पहुंच जाता है ।इससे आगे सभी जानते हैं कि कैसे फैसला होता है ।ये तेज आवाज वाले वाहन थाने चौकियों के सामने से भी निकलते होंगे मगर आजतक किसी उन्हें चैक करने की जहमत नही उठाई ।अगर थाने के आगे से गुजरने वाले इन वाहनों को चैक किया जाय तो ये झगडे तो होंगे ही नही इस तेज आवाज से होने आली परेशानी भी ना हों ।अब देखते हैं कि ऊंट किस करवट बैठता है।

# आत्महत्या करने वाले मनीष बंसल पर कई मुकदमें थे दर्ज

**बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** रात्रि में थाना खुर्जा नगर पर एक व्यक्ति मनीष बंसल के द्वारा आत्महत्या करने के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई, जिस पर फील्ड यूनिट व थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों द्वारा मृतक मनीष बंसल के शव का अंतिम संस्कार किया जा चुका हैं। मृतक के विरुद्ध पूर्व से 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं, जिनमें आधा दर्जन से अधिक मुकदमें जुआ अधिनियम के, 02 मुकदमें एनडीपीएस एवं एक मुकदमा अभी हाल ही में सामप्रदायिक सोहार्द बिगाडने व गाली गलौच करने के सम्बन्ध में पंजीकृत हुआ था। वर्तमान में मौके पर शांति व्यवस्था कायम हैं तथा इस प्रकरण में जांच के क्रम में अग्रिम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

# पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन वाराणसी मंडल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सदस्यों का किया सम्मान

संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन वाराणसी मंडल द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ कार्यालय के प्रांगण में सांयकाल एक भव्य कार्यक्रम आयोजित कर अपने महिला सदस्यों एवं कार्यक्रम में अपने परिवार के साथ आए सदस्यों की महिलाओं को अंग वस्त्रम भेंट करके सम्मानित किया गया तथा एसोसिएशन की तरफ से एक-एक बैग भी दी गई। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व को एवं इस वर्ष 2026 की मुख्य थीम को बताते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि आज के दिन हम अपने एसोसिएशन के महिला सदस्यों का संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और उनके महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान करते हुए उनकी सराहना भी करता हूं और हमें उन पर गर्व है। तत्पश्चात'भारत पेंशनर्स समाज'नई दिल्ली के कार्यकारी अध्यक्ष अमिय रमण के द्वारा इस अवसर पर भेजे गए हार्दिक बधाई एवं उनके संदेश को वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा के द्वारा पढ़कर सुनाया गया जिसकी सभी ने तारीफ की। इस कार्यक्रम में प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने महिला सदस्यों को उन्हें फैमिली पेंशन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां भी दी।




इस सम्मान समारोह में महिला सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किये एंव भजन भी सुनाए। समारोह में सभी ने गीत संगीत का आनंद लेते हुए अल्पाहार भी किया तथा एक दूसरे को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने गैगेस्टर एक्ट के मामले में वांछित 25,000 रु के इनामिया अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर(मुहम्मद परवेज अख्तर)।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश दूबे के नेतृत्व मे उ0नि0 विनोद कुमार यादव, का0 अरुण कुमार व एसओजी टीम ने रविवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 1010/2025 धारा 2(b)(i)/ 2(b)(6)/3(1) यूपी गैगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित 25,000 रु0 के ईनामियां वांछित अभियुक्त पंकज चौरसिया पुत्र दिनेश उर्फ दिलेज निवासी गड़सरपार थाना कोतवाली खलीलाबाद को कोड़री सड़क पुलिया के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि दिनाँक 31.10.2025 को अभियुक्त के अपराधिक इतिहास के दृष्टिगत थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 1010/2025 धारा 2(b)(i)/ 2(b)(6)/3(1) यूपी गैगेस्टर एक्ट अभियोग पंजीकृत किया गया था । उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त के विरुद्ध 25,000 रु0 का ईनाम घोषित था। प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश दूबे ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 822/2021 धारा 279/304ए/337/338 भा0द0वि0 थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, मु0अ0सं0 563/2025 धारा 305(बी),317(2) बीएनएस थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, मु0अ0सं0 574/2025 धारा 305(बी),317(2) बीएनएस थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, मु0अ0सं0 575/2025 धारा 305(बी),317(2) बीएनएस थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, मु0अ0सं0 1010/2025 धारा 2(b)(i)/ 2(b)(6)/3(1) यूपी गैगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर पर दर्ज था।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एनसीआरटीसी ने नमो भारत स्टेशनों पर आयोजित किया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

**उज्जवल रस्तौगी**





**मेरठ।** मेरठ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एनसीआरटीसी ने 7 और 8 मार्च को आनंद विहार और बेगमपुल नमो भारत स्टेशनों पर दो दिवसीय महिला स्वास्थ्य जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस पहल के अंतर्गत नमो भारत ट्रेनों के महिला कोच के भीतर भी जागरूकता से जुड़ी विशेष गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

इस जागरूकता अभियान को दिल्ली-गाज़ियाबाद मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के ऑपरेशन्स और मेंटेनेंस पार्टनर_डीबी आरआरटीएस इंडिया तथा महिलाओं के मासिक धर्म से जुड़े स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर कार्य करने वाले संगठन_एवरटीन_के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य महिला यात्रियों को मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना एवं इस मुद्दे पर संवाद स्थापित करना था। इस दौरान, स्टेशनों और ट्रेनों के भीतर इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए गए, जिनमें मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और इस विषय पर खुलकर बातचीत को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया।

इस पहल के तहत महिला यात्रियों को निःशुल्क आवश्यक हाइजीन किट भी वितरित की गईं। इन किट्स में सैनिटरी पैड, पीरियड ट्रैकर और एक पीरियड डायरी शामिल थी। यह डायरी महिलाओं को उनके पीरियड साइकिल के विभिन्न फेज को समझने और ट्रैक करने में मदद करती है, ताकि वे अपने स्वास्थ्य को अच्छी तरह समझ सकें और अपना बेहतर ख़्याल रख सकें। इसके साथ ही इन फेज को सरल और सहज रूप से समझाने के लिए जानकारी भी साझा की गई।

मासिक धर्म यानी पीरियड एक प्राकृतिक और आवश्यक प्रक्रिया है और यह इस बात का संकेतक है कि एक महिला स्वस्थ है। हालांकि सामाजिक वर्जनाएँ और झिझक अक्सर इस विषय पर खुलकर बातचीत करने के प्रति संकोच पैदा कर देती हैं। इस तरह की पहल, मासिक धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने, इससे जुड़े मुद्दों को सामान्य बनाने और महिलाओं को अपनी चिंताओं पर खुलकर बात करने तथा आवश्यक मार्गदर्शन लेने के लिए प्रेरित करती हैं।

महिला यात्रियों ने इस पहल का खुलकर स्वागत किया। उन्होंने न सिर्फ. इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया बल्कि सार्वजनिक स्थानों पर मासिक धर्म स्वास्थ्य जैसे विषयों पर बातचीत शुरू करने के प्रयास के लिए सराहना की। स्टेशनों और ट्रेनों पर कई महिला वॉलेंटियर मौजूद थीं, जिन्होंने यात्रियों का मार्गदर्शन किया, उन्हें किट वितरित की तथा और मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर महिला यात्रियों से बातचीत की।

महिला दिवस के इस अवसर पर एनसीआरटीसी ने नमो भारत ट्रेनों के भीतर महिला यात्रियों के साथ विशेष संवाद भी किया। महिला कोच में एक रोचक और इंटरैक्टिव क्विज का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से यात्रियों को ट्रेनों में महिलाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। महिला यात्रियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया, अपने अनुभव साझा किए और ट्रेनों में उपलब्ध सुविधाओं तथा आरामदायक व्यवस्था के लिए एनसीआरटीसी की सराहना की।

# बाबा कालभैरव का वार्षिक श्रृंगार आज



**संदीप तिवारी**

**वाराणसी।** काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव का वार्षिक श्रृंगार नौ मार्च सोमवार को भव्य रूप से मनाया जाएगा।मंदिर के महंत पंडित पुनीत उपाध्याय और सुमित उपाध्याय ने बताया की प्रत्येक वर्ष काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव का वार्षिक श्रृंगार किया जाता है।इस दौरान पूरे मंदिर को विभिन्न सुगंधित फूलों से सजाते हुए आकर्षित विद्युत लाइटों की रोशनी से सजाया जाएगा।बताया की बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाबा के अवसर पर भजन संध्या के साथ ही भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा।पंडित पुनीत उपाध्याय ने बताया कि यह आयोजन उनके परदादा, दादा , व पिता जी के समय से चला आ रहा है जिसे हम लोग बखूबी निभाते आ रहे हैं। मंदिर का पट आम नागरिकों के लिए सुबह पाँच बजे से खोल दिया जाएगा।

# माधव सेवा संस्थान, माधव कुंज शताब्दी नगर मेरठ में माधव आरोग्य होम्योपैथिक केंद्र व डिस्पेंसरी का किया गया शुभारंभ

**उज्जवल रस्तौगी**

**मेरठ।** माधव सेवा संस्थान, माधव कुंज शताब्दी नगर मेरठ में रविवार को माधव आरोग्य होम्योपैथिक केंद्र व डिस्पेंसरी का शुभारंभ सुधीर (राष्ट्रीय मंत्री सेवा भारती) के कर कमलो द्वारा किया गया, जिसका संचालन होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर जीवेश पाराशर (बी.एच.एम.एस.) के द्वारा किया जाएगा, जिसमें मरीज को निशुल्क चिकित्सा प्रदान की जाएगी।

माधव सेवा संस्थान द्वारा संचालित निशुल्क माधव आरोग्य होम्योपैथिक केंद्र व डिस्पेंसरी का आसपास में रहने वाले लोगों को भरपूर लाभ मिलेगा जहां लोग निशुल्क चिकित्सा प्राप्त कर सकेंगे तथा बीमारियों का निशुल्क उपचार करा सकेंगे।






निशुल्क चिकित्सा केंद्र के उद्घाटन में सुधीर के साथ दिनेश महाजन (अध्यक्ष जनसेवा न्यास ट्रस्ट) अनिल (प्रचारक क्षेत्र प्रमुख सेवा भारती ), छात्रावास प्रमुख संतराम, अशोक रुहेला व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जमीन बंटवारे को लेकर पिता,पुत्र में मारपीट पुत्र घायल

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में जमीनी बंटवारे को लेकर पिता,पुत्र के बीच मारपीट हो गई जिसमें पुत्र गांधी रूप से घायल हो गया घायल ने अपना डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद अपने पिता व दो भतीजे के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।रविवार को गांव भभीसा निवासी संजीव ने बताया कि उसका पिता उसके बच्चों को जमीन व मकान में हिस्सा नहीं दे रहा है। जिस कारण पीड़ित घर से बेघर है रविवार को पीड़ित ने अपने हिस्से के मकान का बंटवारा और जमीन की मांग की थी इसी बात से नाराज होकर उसके पिता व दो भतीजो ने एक राय होकर पीड़ित पर धारदार हथियार से हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराब होने पर परिवार की महिलाएं एंव पड़ोसी आ गए. सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंच गई पुलिस ने घायल का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद अपने पिता व दो भतीजे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष बने आशीष कुमार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**बुलंदशहर।** स्याना नगर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से आशीष कुमार को समिति का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को होने वाले बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले साप्ताहिक कार्यक्रमों की रूपरेखा और रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता घनश्याम दास गौतम ने की, जबकि संचालन अजब सिंह ने किया। पूर्व अध्यक्ष मास्टर यशवीर सिंह ने नई कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव रखा।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष पद के लिए दो नाम सामने आए, जिनमें तेजपाल सागर और आशीष कुमार शामिल थे।

# दिव्यांश इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन,हास्य की फुहार से सजा काव्योत्सव







**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** पहड़िया-बेला रोड स्थित दिव्यांश इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के सभागार में होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन जिसमें देश के प्रमुख रचनाकारों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा श्रीमती साधना सिंह विशिष्ट अतिथि वाराणसी विकास प्राधिकरण के सदस्य अम्बरीष सिंह भोला रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक सीमा सिंह ने किया ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद साधना सिंह ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं।

तत्पश्चात देश जाने माने कवियों ने अपनी हास्य की फुहार होली मिलन समारोह में उपस्थित जन समुदाय को गुदगुदा कर लोटपोट कर दिया।

काव्य पाठ करने वाले कवियों में मुख्य रूप से दमदार बनारसी,नागेश शांडिल्य, डॉ सुरेश अकेला,प्रशांत बजरंगी,ओंकार शर्मा कश्यप,सादिया एकरा सहित अन्य कवियों ने एक से बढ़कर अपनी रचनाएं सुनाई। कवि सम्मेलन का संचालन दमदार बनारसी ने किया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा को 'प्रेरणा स्तंभ सम्मान-2026' से किया गया सम्मानित

**सनी कुमार केसरवानी**




**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ईजी हेल्प संस्था द्वारा कमिश्नरी सभागार में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा को उनके सामाजिक कार्यों और महिलाओं के प्रति प्रेरणादायी योगदान के लिए 'प्रेरणा स्तंभ सम्मान - 2026' से सम्मानित किया गया।

मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा एक जानी-मानी समाजसेवी और मॉडल हैं। वे लंबे समय से महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता और समाज सेवा से जुड़ी हुई हैं। मॉडलिंग और फैशन की दुनिया में भी उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है तथा विभिन्न मंचों के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती रही हैं। उनका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ईजी हेल्प संस्था की डायरेक्टर कोमल सिंह ने की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के सम्मान, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

समारोह में मुख्य अतिथि डा. दिव्या सिंह तथा विशिष्ट अतिथि डा. सोनाली गुप्ता ने मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा को सम्मानित करते हुए उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की और कहा कि वे समाज में महिलाओं के लिए एक प्रेरणा स्तंभ हैं।

सम्मान प्राप्त करने के बाद मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा ने संस्था के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक मजबूती से निभाने की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि महिला दिवस के इस विशेष अवसर पर मिला यह सम्मान उन्हें नारी शक्ति, आत्मविश्वास और समाज सेवा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प देता है। साथ ही उन्होंने अपने सभी शुभचिंतकों, सहयोगियों और मित्रों का धन्यवाद दिया, जिनके समर्थन और विश्वास से उन्हें हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रही है।

# ऊँचागांव क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद, रातों-रात काट ले गए शीशम व नीम के पेड़



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**नरसेना।** विकास खंड ऊँचागांव क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। प्रतिबंधित वृक्षों पर रात के अंधेरे में लगातार कुल्हाड़ी चलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। शनिवार रात शकरपुर और रघुनाथपुर मार्ग पर लकड़ी माफिया दो शीशम और एक नीम का पेड़ काटकर ले गए।

ग्रामीणों के अनुसार देर रात अज्ञात लोग मौके पर पहुंचे और प्रतिबंधित पेड़ों को काटकर ट्रैक्टर-ट्रॉली या अन्य वाहन में लादकर फरार हो गए। सुबह जब लोगों की नजर पड़ी तो पेड़ों के ठूंठ दिखाई दिए, जिससे क्षेत्र में अवैध कटान की चर्चा फैल गई।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है। उधर मामले को लेकर वन विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। वन दरोगा इस संबंध में कुछ भी बताने को तैयार नहीं हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से अवैध कटान पर सख्त कार्रवाई करने और क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि पेड़ों की हो रही कटाई पर रोक लग सके।

# यूअंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस - 2026 के अवसर पर माय भारत द्वारा खेल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित







**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 08 मार्च 2026 को टांडा स्टेडियम, बुलंदशहर में खेल एवं महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत एवं भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों,युवा मंडल सदस्यों एवं खेल प्रेमियों ने भारी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों के लिए 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न आयु वर्गों में किया गया, साथ ही टीम भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा, आगनवाड़ी आदि महिलायों के लिए रस्साकशी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं के परिणामों में 100 मीटर दौड़ (अंडर-13 वर्ग) में सोनाक्षी ने प्रथम स्थान, वंशिका ने द्वितीय स्थान तथा गरिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ (13-18 वर्ष वर्ग) में खुशी प्रथम, वर्षा द्वितीय तथा खुशबू तृतीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अंडर-13 वर्ग में राधिका ने प्रथम स्थान, मानवी ने द्वितीय स्थान तथा सौम्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 13-18 वर्ष वर्ग में खुशबू प्रथम, प्रिया द्वितीय तथा मधु तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं 18 वर्ष से अधिक वर्ग में खुशी ने प्रथम स्थान, विरेशना ने द्वितीय स्थान तथा भूमिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दीप्ति मित्तल नगर पालिका चेयरमैन तथा प्रमोद पांडेय अपर जिलाधिकारी, प्रशासन सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# शैक्षणिक टूर से छात्र किताबी ज्ञान को वास्तविक जीवन में देखकर समझते हैं -डॉ एस सी अग्रवाल

**अनिल वशिष्ठ**



मोदीनगर। डॉ के एन मोदी कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों ने किया दिल्ली के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर के 50 छात्र व शिक्षकों के एक समूह ने विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में दिल्ली के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अग्रवाल ने बताया कि 6 मार्च को 45 छात्र में शिक्षकों ने दिल्ली में राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, वायु सेना संग्रहालय, इंडिया गेट व लोटस टेंपल का भ्रमण किया और वहां पर सभी ऐतिहासिक स्थलों के बारे में जाना राष्ट्रीय रेल संग्रहालय में रेलगाड़ी की शुरूआत से लेकर अब तक के रेलगाड़िया के संचालन और उनके इतिहास को जाना ,वायु सेवा संग्रहालय में सभी तरह के वायुयान जेट फाइटर जेट सभी तरह की मिसाइल ओर भारत में पाक युद्ध 1971 में भारत द्वारा पाकिस्तान सेना को परास्त कर उनके टैंकों के अवशेषों को देखा। इंडिया गेट के बारे में विस्तार से जानकारी की। इंडिया गेट पर लिखे हुए शहीदों के नाम और उसके पीछे बने वार मेमोरियल को भी देखा।लोटस टेंपल की बनावट उसकी उसकी कला संस्कृति वहां पर लगे फूलों को करीब से देखा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अग्रवाल जी ने बताया कि ऐसे शैक्षिक दूर से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है छात्र कक्षा के पारंपरिक माहौल से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया के अनुभवों के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान सीखते हैं। यह बच्चों के सर्वांगीण विकास और आत्मविश्वास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। नई संस्कृतियों लोगों और परिवेश से परिचित होकर उनका दृष्टिकोण व्यापक होता है। समूह में यात्रा करने से छात्रों में टीमवर्क ,सहयोग और सामंजस्य की भावना का विकास होता है। ऐसे टूर का आयोजन समय समय पर होना चाहिए शैक्षिक दूर से छात्र बहुत कुछ सीखते हैं अभिभावकों को अपने बच्चों को ऐसे टूर में जाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। टूर शिक्षा को रोचक बनाकर कक्षा के नीरस माहौल से ब्रेक देता है और छात्रों में जिज्ञासा ,सामाजिक कौशल ,आलोचनात्मक सोच को विकसित करता है किताबी बातों को वास्तविक जीवन में देखकर समझते हैं। टूर को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक संजीव कुमार रसायन विज्ञान प्रवक्ता राजीव कुमार वर्मा, कला के शिक्षक मयंक कुमार प्रधान लिपिक सतीश कुमार कुमारी आसना रीना शर्मा आदि का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

# दिल्ली में नकली आईफोन पार्ट्स का बड़ा रैकेट बेनकाब, 1.60 करोड़ का माल जब्त

**एहसान अंसारी**



नई दिल्ली। दिल्ली में नकली मोबाइल पार्ट्स के कारोबार पर बड़ा प्रहार करते हुए दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने रोहिणी इलाके में चल रहे नकली आईफोन पार्ट्स रैकेट का पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 1.60 करोड़ की नकली सामग्री बरामद की है। क्राइम ब्रांच की ठफ-कटीम को सूचना मिली थी कि एप्पल के नाम पर नकली मोबाइल पार्ट्स खुलेआम बेचे जा रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम ने विकास सूर्या मॉल और मंगलम प्लेस मॉल में स्थित पांच दुकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में नकली मोबाइल पार्ट्स बरामद किए, जिनमें करीब 1000 आईफोन बैक पैनल, 228 बैटरियां, 738 बैक कवर के अलावा चार्जिंग फ्लेक्स, एडॉप्टर और वरइ-उ केबल शामिल हैं। इन सभी सामानों की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1.60 करोड़ बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी नकली पार्ट्स को असली बताकर ग्राहकों को बेच रहे थे, जिससे उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान होने के साथ-साथ कंपनी की ब्रांड छवि को भी नुकसान पहुंच रहा था।

# सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन होने पर प्रतीक चिन्ह देखकर शुभकामनाएं दी



**अनिल वशिष्ठ**

मोदीनगर। गोविन्दपुरी निवासी लोचन चौधरी के भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर मातृभूमि सेवा संघ के सदस्यों ने उन्हें सम्मानित करते हुए संघ का प्रतीक चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएँ दीं। संघ के सदस्यों ने कहा कि लोचन चौधरी की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। देश की सेवा के लिए सेना में अधिकारी बनना गर्व की बात है और इससे पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा है। इस मौके पर विकास भारतीय, पवन चौधरी, भव्य सिसोदिया, अविनाश झा, सिद्धार्थ ठाकुर, सोहनवीर और प्रकाश बोहरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला दिवस पर शिक्षिकाओं व महिलाओं का सम्मान






**वेलकम इंडिया संवाददाता**

एनसीआर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ नवीन ग्रेटर नोएडा, डिस्ट्रिक्ट 301 की ओर से रविवार को एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रहीं महिलाओं और विशेष रूप से अंडर प्रिविलेज्ड स्लम स्कूलों की अध्यापिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यापिकाओं को शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह (टोकन) और प्रशंसा पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम की शुरूआत महिला सशक्तिकरण और समाज सेवा के संदेश के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में क्लब की सदस्याओं और अतिथियों ने भाग लिया। समारोह के दौरान क्लब की प्रधान श्रीमती अदिति भारद्वाज ने सभी अध्यापिकाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में सच्ची सेवा वही लोग करते हैं जो कठिन परिस्थितियों में भी बच्चों को शिक्षा देकर उनके जीवन को बेहतर बनाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि स्लम क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को पढ़ाना और उन्हें जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, लेकिन इन अध्यापिकाओं ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह साबित कर दिया है कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है। अदिति भारद्वाज ने महिला सम्मान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की भी महत्वपूर्ण शक्ति है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति है, नारी सम्मान है, नारी से ही जीवन की पहचान है। उन्होंने कहा कि आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

# डॉ अंबेडकर जन्मोत्सव समिति का गठन,सर्वसम्मति से विनोद गौतम बने अध्यक्ष



**अनिल वशिष्ठ**

मोदीनगर। भूपेंद्रपुरी पंचशील पुस्तकालय में समाज की बैठक आहूत की गई। समाज के द्वारा सर्वसम्मति से पूर्व सभासद रहे व राष्ट्रीय लोक दल के जिला उपाध्यक्ष विनोद गौतम को डॉ अंबेडकर जन्मोत्सव समिति वर्ष 2026 के लिए अध्यक्ष एवं एडवोकेट राहुल कुमार को महासचिव तथा सुनील कुमार एडवोकेट को कोषाध्यक्ष भी समाज द्वारा चुना गया। बैठक में पूर्व समिति ने गत वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। पिछले 3900 रुपए का बचा हुआ भी बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सब पोस्टमास्टर राजाराम ने की। संचालन मास्टर अनिल कुमार कर्दम व सुनील कुमार एड. ने किया। बैठक में अलोक भारती सभासद, धर्मवीर सिंह सभासद, अमर सिंह, निहालचंद, रामप्रसाद दरोगा, अमरजीत सिंह, राकेश कुमार, दिनेश प्रधान, सुभाष मास्टर, वीरपाल सिंह, ब्राह्मपाल सिंह, मूलचंद, कृष्ण गोपाल, आंनदपाल, सचिन बौद्ध, अरुण गौतम, अरुण इंजिनियर, राजकुमार, जितेंद्र कुमार पप्पी, अन्नू गौतम, कृष्णा आदि सहित उपस्थित रहें।

# गाजियाबाद पुलिस का बड़ा एक्शन: कोडीन कफ सिरप तस्करी गिरोह की 12.55 करोड़ की संपत्ति सीज

**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस ने नशीली कोडीन युक्त कफ सिरप की कालाबाजारी और अंतरराज्यीय तस्करी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 12.55 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति को फ्रीज (सीज) कर दिया है। यह कार्रवाई ठउ्ढर एक्ट 1985 के तहत की गई है।

पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध शाखा/स्वाट टीम और नंदग्राम थाना पुलिस ने इससे पहले 03/04 नवंबर 2025 को इस गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी कार्रवाई की थी। उस समय पुलिस ने 08 आरोपियों को गिरफ्तार किया था और चार ट्रकों में चूने के बोरों के बीच छिपाकर रखी गई 1150 पेटियों में करीब 15,73,500 शीशियां कोडीन युक्त Eskuf और Phensedyl कफ सिरप बरामद की थीं। बरामद सिरप की कीमत लगभग 3 करोड़ 40 लाख रुपये आंकी गई थी।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक क्रेटा कार (वढ-14 FB 2244), 20 लाख रुपये नकद, दो लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन, फर्जी सिम कार्ड, मुहरें और Tapentado' एक्सटेंडेड रिलीज टैबलेट्स की 19 स्ट्रिप भी बरामद की थीं।

पुलिस जांच में सामने आया कि विभोर राणा और विशाल सिंह (निवासी साखी नगर, सहारनपुर) अपने साथियों सौरव त्यागी, अभिषेक शर्मा और पप्पन यादव के साथ मिलकर इस अवैध कारोबार को चला रहे थे। आरोपियों ने सहारनपुर में पंजीकृत GR Trading समेत कई फर्मों के नाम पर कफ सिरप इकट्ठा कर विभिन्न राज्यों में तस्करी का नेटवर्क बना रखा था।

जांच में यह भी सामने आया कि वर्ष 2020-21 से 2025-26 के बीच आरोपियों और उनके परिवार ने करीब 9.08 करोड़ रुपये की आय घोषित की, जबकि इसी अवधि में 22.67 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति खरीदी गई। इससे साफ हुआ कि लगभग 13.58 करोड़ रुपये की संपत्ति अवैध तस्करी से अर्जित धन से खरीदी गई थी।

इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों और उनके परिवार के नाम पर सहारनपुर में खरीदी गई प्लॉट, मकान, कृषि भूमि, कोठी और वाहन सहित कुल 12.55 करोड़ रुपये की संपत्ति को फ्रीज कर दिया। जब्त संपत्तियों में दर्जनों प्लॉट, कई कृषि भूमि, मकान, दो ट्रैक्टर और एक लग्जरी Gloster 4x4 कार भी शामिल है।

# जहांगीर पुरी पुलिस टीम द्वारा हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार



**एहसान अंसारी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जहांगीर पुरी इलाके में हुई सनसनीखेज हत्या के मामले को थाना जहांगीर पुरी की पुलिस टीम ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी हसमत आशु को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक नाबालिग (CCL) को भी पकड़ लिया गया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर एक देशी पिस्तौल (कट्टा) और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 3 मार्च 2026 को शाम करीब 6 बजे सीडी पार्क, जहांगीर पुरी इलाके में दो गुटों के बीच पुराने विवाद को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान फायरिंग और पत्थरबाजी की घटना हुई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत बीजेआरएम अस्पताल ले जाया गया और बाद में उन्हें एलएनजेपी अस्पताल रेफर किया गया। इस घटना में रहमतुल्ला @ भोला (18) निवासी जहांगीर पुरी को गोली लगने से गंभीर चोट आई थी, जिसे इलाज के दौरान एलएनजेपी अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। वहीं आफताब (18) को पत्थर लगने से सिर में चोट आई और सहजान अली को झगड़े के दौरान चाकू लगने से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शी जमीर अहमद की शिकायत पर थाना जहांगीर पुरी में FIR संख्या 112/26 के तहत धारा 103(1)/115(2)/3(5) इठर और 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर में महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह के द्वारा प्रतिभाग किया गया।कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पुलिस विभाग की महिला अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, एनीमिया की रोकथाम, नियमित टीकाकरण तथा परिवार नियोजन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही विमेंस हेल्प लाइन नंबर शेयर किए गए। ओर साथ ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) सहित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता सामग्री वितरित की गई और उन्हें अपने परिवार एवं समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित महिला पुलिस अधिकारियो की समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की गई। डॉ रवि प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भोजपुर द्वारा कहा कि महिलाओं का सशक्त और स्वस्थ होना समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के लिए सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

# युवा भारत, गाजियाबाद ने मनाया भव्य अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, गाजियाबाद द्वारा राम चमेली चड्ढा विश्वास गर्ल्स डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. वीना दलानिया के संबोधन से हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम की पृष्ठभूमि एवं इतिहास पर प्रकाश डालते हुए श्री देवेंद्र कुमार, उपनिदेशक, मेरा युवा भारत, गाजियाबाद ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को इसलिए मनाया जाता है क्योंकि 8 मार्च 1917 को रूस की महिलाओं ने 'रोटी और शांति' (Bread and Peace) की मांग करते हुए ऐतिहासिक हड़ताल की थी।

# महिला दिवस पर 101 महिलाओं का भव्य सम्मान

## समाज, शिक्षा, व्यवसाय और राजनीति में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

**वेलकम इंडिया संवाददाता**







**गाजियाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर साथी फाउंडेशन की ओर से रेडिको खैतान लिमिटेड के सहयोग, राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद के साथ मिलकर तथा विश्व हिंदू परिषद के मार्गदर्शन में रविवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कविनगर स्थित केजी-35 में आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 101 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देना और समाज में उनके योगदान को पहचान दिलाना था। इस अवसर पर उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने सामाजिक सेवा, शिक्षा, व्यवसाय, राजनीति और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई और उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया गया। आयोजकों ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही है। चाहे वह सामाजिक सेवा का क्षेत्र हो, शिक्षा का क्षेत्र हो या फिर व्यवसाय और राजनीति–महिलाएं हर जगह अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य उन महिलाओं को सम्मान देना है जो अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करना केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि समाज के प्रति एक जिम्मेदारी भी है।

# मिशन शक्ति: महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने का व्यापक अभियान



**मयूर खान**

**आगरा।** आगरा में के पूर्वी जोन में थाना इरादतनगर की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने का एक व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत टीम ने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी और उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे अपने जीवन को सुरक्षित और सशक्त बना सकें। टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी, जैसे कि शिक्षा का अधिकार, स्वास्थ्य का अधिकार, और सुरक्षा का अधिकार।

# हाउस टैक्स वसूली तेज करने को नगर आयुक्त सख्त

## वित्तीय वर्ष के बाद 12 प्रतिशत ब्याज से बचने के लिए समय पर टैक्स जमा करने की अपील

वेलकम इंडिया संवाददाता





**गाजियाबाद।** शहर में हाउस टैक्स वसूली को तेज करने और करदाताओं को दी जा रही छूट का लाभ दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम गाजियाबाद के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने टैक्स विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि हाउस टैक्स से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि टैक्स बिलों में अनावश्यक छेड़छाड़ या गड़बड़ी की शिकायत और साक्ष्य सामने आते हैं तो दोषियों के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि करदाताओं को नगर निगम द्वारा दी जा रही बड़ी छूट के बारे में व्यापक स्तर पर जानकारी दी जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठाकर समय पर अपना हाउस टैक्स जमा कर सकें। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल राजस्व बढ़ाना ही नहीं बल्कि शहर के विकास कार्यों को गति देना भी है, जिसके लिए समय पर टैक्स वसूली बेहद आवश्यक है। बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को निर्देश दिए गए कि वे प्रतिदिन टैक्स विभाग की समीक्षा बैठक करें और टैक्स वसूली की प्रक्रिया की लगातार मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सभी जोनल प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में करदाताओं को हाउस टैक्स पर मिलने वाली छूट के बारे में जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम के माननीय सदन द्वारा करदाताओं के लिए हाउस टैक्स पर 77 प्रतिशत से लेकर 92 प्रतिशत तक की छूट निर्धारित की गई है, जिसका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त होने के बाद 1 अप्रैल 2026 से बकाया हाउस टैक्स पर 12 प्रतिशत का ब्याज लागू हो जाएगा। ऐसे में करदाताओं को सलाह दी गई है कि वे इस बड़ी छूट का लाभ उठाते हुए समय पर अपना हाउस टैक्स जमा करें, ताकि उन्हें अतिरिक्त ब्याज का भुगतान न करना पड़े। नगर निगम की ओर से इस संबंध में विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि जो नागरिक अपने घरों में कचरे का पृथक्करण यानी गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने की व्यवस्था अपनाएंगे, उन्हें 1 अप्रैल 2026 से हाउस टैक्स में 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी। इससे एक ओर जहां नागरिकों को आर्थिक लाभ मिलेगा, वहीं दूसरी ओर शहर में स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। नगर निगम के टैक्स विभाग द्वारा शहर में बड़े स्तर पर टैक्स वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत विशेष रूप से लगभग 32 हजार व्यावसायिक भवनों, 66 सरकारी संपत्तियों, करीब 2 लाख 48 हजार आवासीय भवनों और हाईराइज सोसायटियों के लगभग 43 हजार फ्लैटों को लक्ष्य बनाकर अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जोनल स्तर पर टीमों को सक्रिय किया जाएगा और नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा की जाएगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बैठक के अंत में सभी जोनल प्रभारियों और टैक्स विभाग की टीम को निर्देश दिया कि वे पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ टैक्स वसूली का कार्य करें। उन्होंने चेतावनी दी कि टैक्स बिलों में किसी भी प्रकार की अनावश्यक छेड़छाड़ या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि करदाताओं को हाउस टैक्स से जुड़े किसी भी प्रकार के संशय या समस्या का समाधान तुरंत किया जाए।

# विजयनगर स्थित मिलिट्री कंपाउंड मैदान में बाबा श्याम के भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया





कपिल चौहान

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के विजयनगर स्थित मिलिट्री कंपाउंड मैदान में बाबा श्याम के भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया, जहां भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और बाबा श्याम के भजनों पर झूमते हुए भक्ति में डूब गए। दिल्ली, गाजियाबाद, मथुरा और वृंदावन से आए भजन गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर दूरदर्शन नाथ मठ गाजियाबाद से महंत श्री रमेशा आनंद गिरि जी महाराज और पूर्व सांसद के बेटे सुशांत गोयल दुर्गा वाशिंग पाउडर के मालिक प्रेमचंद गुप्ता सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और कार्यक्रम के अंत में भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# यूजीसी के विरोध में जंतर-मंतर पर सवर्ण महासभा का प्रदर्शन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** सवर्ण महासभा के तत्वावधान में रविवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर यूजीसी के विरोध में शक्ति प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें गाजियाबाद सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होने के लिए पहुंचे। संगठन का दावा है कि प्रदर्शन को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा कई तरह की पाबंदियां लगाई गईं, इसके बावजूद समर्थक जंतर-मंतर तक पहुंचने में सफल रहे। सवर्ण महासभा के अनुसार गाजियाबाद से हजारों लोगों को दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंचना था। इसके लिए कविनगर रामलीला मैदान से ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान के नेतृत्व में दर्जनों वाहनों का काफिला दिल्ली के लिए रवाना हुआ। संगठन का आरोप है कि रास्ते में कई जगहों पर पुलिस ने वाहनों को रोककर कुछ कार्यकताओं को हिरासत में लिया, जबकि कुछ को हाउस अरेस्ट भी किया गया। इसके बावजूद कई वाहन जंतर-मंतर तक पहुंचने में सफल रहे और वहां विरोध प्रदर्शन किया गया। जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान सवर्ण महासभा के प्रवक्ता ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने प्रशासन की कार्रवाई की आलोचना करते हुए कहा कि सामाजिक मुद्दों पर आवाज उठाने वाले लोगों को रास्ते में रोकना और गिरफ्तार करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने के अधिकार का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज के युवाओं के भविष्य और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है और यूजीसी से संबंधित प्रावधानों को वापस लेने की मांग की जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने इन मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया तो आंदोलन को और व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा। संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने भी प्रदर्शन के दौरान अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि समाज के अधिकारों और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान संयोजक वी.के. अग्रवाल, मनोज त्यागी, सेवाराम त्यागी, सहसंयोजक सतीश चोपड़ा, पंडित आरसी शर्मा, संजय अग्रवाल, मास्टर स्वरूपचंद शर्मा, विनोद कुमार और कृपानिधान तिवारी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीवर लाइन का काम अधूरा, खोदी सड़कों और भरे पानी से परेशान

गाजियाबाद। इंदिरापुरम के न्यायखंड-1 स्थित सुपरटेक आइकॉन सोसायटी के सामने सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़कों को खोदकर छोड़ दिए जाने से स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि नगर निगम ने करीब 15 दिन बीत जाने के बावजूद खोदी गई सड़कों की मरम्मत नहीं कराई है, जिससे क्षेत्र में दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है और आमजन की आवाजाही प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार सीवर लाइन डालने के लिए सड़क को खोदा गया था, लेकिन काम बीच में ही रुक गया और सड़क को उसी हालत में छोड़ दिया गया। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है बल्कि क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। स्थानीय निवासी आशीष ने बताया कि सीवर लाइन बिछाने के लिए सड़क को खोदने के बाद उसे ठीक नहीं कराया गया। इससे सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जो किसी भी समय हादसे का कारण बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि इलाके में कई परिवार रहते हैं और बच्चों को रोजाना स्कूल आना-जाना पड़ता है, ऐसे में अभिभावकों को लगातार चिंता बनी रहती है। वहीं निवासी संदीप ने बताया कि सीवर लाइन के काम के कारण आसपास की सड़कों पर गंदा पानी भी भर गया है। इससे बदबू फैल रही है और क्षेत्र में बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर नगर निगम के अधिकारियों से कई बार शिकायत भी की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत और पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो क्षेत्र में रहने वाले लोगों को और अधिक परेशानी झेलनी पड़ सकती है। उन्होंने नगर निगम से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क को दुरुस्त कराया जाए और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। इस संबंध में जलकल विभाग के अवर अभियंता मयंक मिश्रा ने बताया कि सुपरटेक आइकॉन सोसायटी के पास सीवर लाइन का काम पूरा कर लिया गया है।

# एनएचएम संविदा कर्मियों की समस्याओं पर विधायक सुनील शर्मा को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया संवाददाता





**गाजियाबाद।** संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को साहिबाबाद क्षेत्र के विधायक सुनील शर्मा के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को अवगत कराया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी प्रदेश की जनता को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विशेष रूप से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी यही स्वास्थ्य कर्मी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कर रहे हैं। इसके बावजूद विडंबना यह है कि स्वयं इन स्वास्थ्य कर्मियों को ही आयुष्मान भारत योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में संघ के जिलाध्यक्ष शिवा शर्मा ने विधायक सुनील शर्मा को बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों की लंबे समय से यह मांग है कि उन्हें भी सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधा तथा सेवा सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हजारों संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारी वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, इसलिए सरकार को उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

# भोपुरा डिफेंस कॉलोनी का तिकोना पार्क बदहाल



वेलकम इंडिया संवाददाता

**साहिबाबाद।** भोपुरा डिफेंस कॉलोनी स्थित तिकोना पार्क की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से पार्क की स्थिति खराब बनी हुई है, लेकिन नगर निगम द्वारा इसके सुधार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पार्क की दुर्दशा के चलते अब यहां आसपास रहने वाले लोग भी परेशान हैं और उन्होंने निगम के उदासीन रवैये पर सवाल उठाए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पार्क की हालत सुधारने के लिए करीब तीन साल पहले क्षेत्र के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा द्वारा भी नगर निगम के अधिकारियों को पत्र लिखा गया था, लेकिन इसके बावजूद पार्क की स्थिति में कोई सुधार नहीं किया गया। इससे लोगों में नाराजगी और बढ़ गई है। उनका कहना है कि यदि जनप्रतिनिधियों के पत्रों के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है तो आम लोगों की समस्याओं का समाधान कैसे होगा। वार्ड संख्या-29 में स्थित इस पार्क की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। स्थानीय निवासी राजकुमार चंदेला ने बताया कि पार्क की देखरेख लंबे समय से नहीं हो रही है, जिसके कारण इसकी चारदीवारी कई स्थानों पर टूट चुकी है। वहीं जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, जिससे पार्क का वातावरण पूरी तरह खराब हो गया है। सोनू प्रजापति ने बताया कि पार्क में फैली गंदगी और अव्यवस्था के कारण अब बच्चे और महिलाएं यहां आने से कतराने लगे हैं। पहले जहां लोग सुबह-शाम टहलने और बच्चों के खेलने के लिए पार्क में आते थे, वहीं अब पार्क लगभग सुनसान रहने लगा है। गिरवर पंडित ने कहा कि पार्क में हरियाली भी लगातार नष्ट होती जा रही है। पेड़-पौधों की उचित देखभाल न होने से उनका विकास रुक गया है। उन्होंने कहा कि पार्कों का उद्देश्य लोगों को स्वच्छ वातावरण और शुद्ध हवा प्रदान करना होता है, लेकिन यहां की हालत इसके बिल्कुल विपरीत है। डिफेंस कॉलोनी निवासी गौरव शर्मा ने बताया कि पार्क की देखरेख न होने के कारण यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगा है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को असुरक्षा का भी एहसास होता है।

# कफ सिरप तस्करों की 12.55 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

वेलकम इंडिया संवाददाता





**गाजियाबाद।** जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी करने वाले गिरोह पर शिकंजा कस दिया है। क्राइम ब्रांच और नंदग्राम थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गिरोह के दो मुख्य आरोपित भाइयों की करीब 12.55 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति फ्रीज कर दी गई है। पुलिस की इस कार्रवाई को डीसीपी सिटी धवल जायसवाल की सख्त कार्यशैली का परिणाम माना जा रहा है, जिन्होंने नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पुलिस के अनुसार सहारनपुर के शास्त्री नगर निवासी विभोर राणा और विशाल सिंह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कोडीनयुक्त कफ सिरप की बड़े पैमाने पर तस्करी कर रहे थे। दोनों भाई इस अवैध कारोबार से मोटा मुनाफा कमाकर विभिन्न स्थानों पर संपत्तियां खरीद रहे थे। पुलिस ने जांच के दौरान सहारनपुर में उनके नाम पर खरीदी गई कृषि भूमि, प्लॉट, मकान, ट्रैक्टर और लग्जरी कार समेत कई संपत्तियों की पहचान की, जिन्हें अब फ्रीज कर दिया गया है। रविवार को पुलिस लाइन्स स्थित परमजीत हॉल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह की मौजूदगी में बताया कि तीन नवंबर 2025 को पुलिस ने इस गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया था। उस दौरान चार ट्रकों से भारी मात्रा में कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद किया गया था। ट्रकों में बोरों के बीच छिपाकर रखी गई 1150 पेटियों में कुल 15.73 लाख शीशियां बरामद हुई थीं, जिनकी बाजार कीमत करीब तीन करोड़ 40 लाख रुपये आंकी गई थी।

# लापरवाही बनी जानलेवा: पुलिस के प्रयासों के बावजूद नहीं थम रहे हादसे, बढ़ता जा रहा मौत का आंकड़ा

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** तेज रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी लगातार लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। सुरक्षित यात्रा के लिए वाहन चलाते समय सजग रहना और यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी होता है, लेकिन कई बार वाहन चालक लापरवाही बरतते हैं और यही लापरवाही गंभीर सड़क हादसों का कारण बन जाती है। शुक्रवार देर रात वेव सिटी थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (डीएमई) पर हुआ सड़क हादसा भी इसी तरह की लापरवाही का परिणाम बताया जा रहा है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि डीएमई पर एक ओर जहां वाहन खड़ा करना प्रतिबंधित है, वहीं दोपहिया वाहनों का चलना भी नियमों के विरुद्ध है। इसके बावजूद ट्रक चालक ने अपना वाहन सड़क किनारे खड़ा कर दिया और दूसरी ओर दोपहिया चालक भी एक्सप्रेसवे पर निकल आए। इन दोनों गलतियों के कारण यह दर्दनाक हादसा हो गया। सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाने और पुलिस के प्रयासों के बावजूद जिले में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है।

# योगी सरकार की योजनाओं से महिलाएं बन रही हैं सशक्त और आत्मनिर्भर: ममता त्यागी

## 50 महिलाओं को सम्मान, 7 को सिलाई मशीन और नव नियुक्त सुपरवाइजरों को मिला नियुक्ति पत्र

वेलकम इंडिया संवाददाता





**गाजियाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी और भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ममता त्यागी ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं बल्कि समाज में भी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह ने महिलाओं और बालिकाओं के विकास, शिक्षा और स्वावलंबन के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनमानस तक पहुंचना बेहद आवश्यक है, ताकि पात्र महिलाओं और बच्चों को उनका वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार द्वारा विशेष जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं, जिसमें जिला प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों को लेकर संबोधन दिया गया।